www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर
# भारत संवाद
मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 राजनीतिक दुर्भावना का निशाना बनी हिंदी
गुरु पूर्णिमा पर तिलहर में विशेष आयोजन 04

वर्ष :09 | अंक :20 | मुंबई , शुक्रवार , 11 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए

# आधार, वोटर-आईडी, राशन कार्ड को भी मानें प्रूफ : सुप्रीम कोर्ट

## बिहार मतदाता सूची संसोधन पर 'सुप्रीम' आदेश

**सूची संसोधन**

अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने आयोग से कहा, हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे

सुप्रीम कोर्ट ने आयोग की ओर से पेश वकील राकेश द्विवेदी से कहा, हम आपकी नीयत पर संदेह नहीं कर रहे, लेकिन धारणा भी मायने रखती है। हम आपको रोकना नहीं चाहते, क्योंकि यह संवैधानिक दायित्व है। द्विवेदी ने बताया कि अब तक 60% मतदाताओं ने अपनी जानकारी सत्यापित कर ली है।

एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर तीखे सवाल उठाए और चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह चल रहे अभियान के तहत मतदाता गणना के लिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेजों के रूप में शामिल करने पर विचार करे। अदालत एसआईआर के समय और तरीके को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर विचार करने के लिए सहमत हो गई है, जिसकी अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी। चुनाव आयोग को अपना जवाब दाखिल करने के लिए 21 जुलाई तक का समय दिया गया है। अभी तक कोई अंतरिम आदेश पारित नहीं किया गया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव से कुछ महीने पहले संशोधन शुरू करने के चुनाव आयोग के फैसले पर सवाल उठाया और कहा कि यह कदम लोकतंत्र और वोट देने की शक्ति की जड़ पर हमला करता है। न्यायमूर्ति धूलिया ने चुनाव के इतने करीब मतदाता सूची में संशोधन के संभावित प्रभावों की ओर इशारा करते हुए कहा कि यदि आपको बिहार में मतदाता सूची के एसआईआर के तहत नागरिकता की जांच करनी है, तो आपको पहले ही कार्रवाई करनी चाहिए थी; इसमें थोड़ी देर हो गई है।

**कपिल सिब्बल बोले- नागरिकता साबित करने का बोझ डाला जा रहा**



### कोर्ट ने चुनाव आयोग से तीन मुद्दों पर जवाब मांगा

1. क्या उसके पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार है।
2. इसके लिए क्या प्रक्रिया अपनाई गई।
3. इसमें कितना समय लगेगा।

- इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि समय बीतने के साथ, मतदाताओं के नाम शामिल करने या बाहर करने पर विचार करने के लिए मतदाता सूची को संशोधित करने की जरूरत होती है।
- राकेश द्विवेदी ने पूछा अगर चुनाव आयोग के पास मतदाता सूची में संशोधन करने का अधिकार नहीं है, तो यह कौन करेगा?

# गुजरात पुल हादसे में बड़ा एक्शन, चार इंजीनियरों को किया गया सस्पेंड

**अब तक 16 लोगों की मौत**

गुजरात सरकार के सूचना विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले मुजपुर-गंभीरा पुल पर हुए हादसे की विस्तृत और गहन उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे।

एजेंसी



बुधवार को वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले मुजपुर-गंभीरा पुल के ढहने के बाद, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने घटना की उच्च-स्तरीय और विस्तृत जाँच के आदेश दिए हैं। आज, प्राथमिक जाँच के आधार पर चार इंजीनियरों को निलंबित कर दिया गया है। कार्यकारी अभियंता एनएम नाइकवाला, उप-कार्यकारी अभियंता यूसी पटेल, उप-कार्यकारी अभियंता आरटी पटेल और सहायक अभियंता जेवी शाह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

गुजरात सरकार के सूचना विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने वडोदरा और आणंद को जोड़ने वाले मुजपुर-गंभीरा पुल पर हुए हादसे की विस्तृत और गहन उच्चस्तरीय जांच के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञों की एक टीम को दुर्घटनाग्रस्त मुजपुर-गंभीरा पुल पर अब तक की गई मरम्मत, निरीक्षण और गुणवत्ता जांच जैसे मुद्दों पर एक रिपोर्ट तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। विशेषज्ञों की टीम द्वारा दुर्घटनास्थल का दौरा करने के बाद, दुर्घटना के कारणों की प्रारंभिक जांच के आधार पर, दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एनएम नाइकवाला (कार्यकारी अभियंता), यूसी पटेल (उप-कार्यकारी अभियंता), आरटी पटेल (उप-कार्यकारी अभियंता) और जेवी शाह (सहायक अभियंता) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा, पुलों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री ने जनहित में राज्य के अन्य पुलों का भी तत्काल और गहन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुल के ढहने की घटना में मृतकों की संख्या बृहस्पतिवार को बढ़कर 16 हो गई जबकि तीन .चार लापता लोगों की तलाश अब भी जारी है। बुधवार सुबह पादरा कस्बे के निकट गंभीरा गांव के पास चार दशक पुराने पुल का एक हिस्सा ढह जाने से कई वाहन महिसागर नदी में गिर गए।

> वडोदरा जिले के पुलिस अधीक्षक रोहन आनंद ने बताया कि अब तक 16 शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि तीन . चार लोग अब भी लापता हैं। उन्होंने बताया, तलाश एवं बचाव अभियान अब भी जारी है। वडोदरा के जिलाधिकारी अनिल धमेलिया के अनुसार कम से कम तीन व्यक्ति अब भी लापता हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने छांगुर बाबा पर कसा शिंकजा, 100 करोड़ से अधीक की संपत्ति की होगी जांच

उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण रैकेट के कथित मास्टरमाइंड छांगुर बाबा पिछले हफ़्ते आतंकवाद निरोधी दस्ते द्वारा गिरफ़्तार किए जाने के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ़्तार में आ गया है। ईडी ने छांगुर बाबा (असली नाम जलालुद्दीन) और उसके करीबी सहयोगियों के खिलाफ अपनी जाँच तेज कर दी है, ताकि कथित तौर पर संदिग्ध तरीकों से जुटाई गई 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की संपत्ति की जाँच की जा सके। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 9 जुलाई को जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के खिलाफ प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दर्ज की, जिस पर धर्मांतरण, विदेशी धन के दुरुपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा व सांप्रदायिक सद्भाव के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों का आरोप है। ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के अपराधों की जाँच शुरू की है

### पंजाब पुलिस ने बड़ी आतंकी साजिश नाकाम की, हथियारों का जखीरा बरामद

पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान के आतंकवादी हरविंदर रिंदा द्वारा रची गई एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए गुरदासपुर के जंगल से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। राज्य की पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि पंजाब में कई स्थानों पर हमले करने की पूर्व नियोजित साजिश के तहत पाकिस्तानी एजेंसियों और रिंदा ने यह खेप भारत पहुंचाई थी, जिसका उद्देश्य शांति को बाधित करना था। डीजीपी ने बताया कि खुफिया सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर रोधी कार्य बल (एजीटीएफ) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) प्रमोद बान की देखरेख में एजीटीएफ टीम ने गुरदासपुर के एक वन क्षेत्र से आतंकवादी सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया। इसमें दो एके-47 राइफलें, 16 कारतूस, दो मैगजीन और दो पी-86 (उच्च विस्फोटक) हथगोले शामिल हैं। ये बरामदगी हरविंदर रिंदा के सहयोगियों तक पहुंच पाने से पहले की गई। उन्होंने कहा कि इस खेप को वापस लाने वाले गुर्गों की पहचान करने के लिए जांच की जा रही है। यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, एक खुफिया अभियान में, एजीटीएफ, पंजाब ने पाकिस्तान में स्थित और पाकिस्तान की आईएसआई द्वारा समर्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के एक संचालक हरविंदर रिंदा द्वारा रची गई एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

# अमित शाह की अध्यक्षता में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

रांची में पूर्वी क्षेत्रीय बैठक हो रही है . गृह मंत्री अमित शाह इसमें शामिल होने रांची पहुंचे हुए हैं .

एजेंसी

### सीएम हेमंत सोरेन ने किया गृह मंत्री का स्वागत



रांचीः राजधानी रांची के रेडिसन ब्लू होटल में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक शुरू हो गई है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री विजय चौधरी मौजूद हैं, जबकि ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परीदा और मंत्री मुकेश महालिंग के अलावा पश्चिम बंगाल की वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य भी बैठक में शामिल हुए हैं.गृह मंत्री अमित शाह और अन्य नेताओं का स्वागत करते सीएम हेमंत सोरेन बैठक में 20 प्रस्तावों पर चर्चा होगी. बैठक की शुरूआत करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को गुलदस्ता और प्रतीक चिह्न देकर उनका स्वागत किया. मुख्य मंच पर केंद्रीय गृह मंत्री के बगल में एक तरफ झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन हैं, जबकि दूसरी तरफ ओडिशा के सीएम हैं. मंच पर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री भी मौजूद हैं.

# कनाडा में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग

## हमलावर ने 9 गोलियां चलाईं, विडियों भी बनाया; 3 दिन पहले उद्घाटन हुआ था

> कपिल शर्मा के बयान से नाराज होकर फायरिंग का दावा गोलीबारी के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम में मौके पर पहुंचकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि हरजीत सिंह लाडी ने एक कॉमेडी शो के दौरान निहंग सिखों के खिलाफ टिप्पणी को लेकर कपिल शर्मा के कैफे पर गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया।

एजेंसी




सर्रे , कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया स्थित सर्रे में कॉमेडियन कपिल शर्मा के कैफे पर बुधवार रात फायरिंग हुई। कपिल शर्मा ने तीन दिन पहले, 7 जुलाई को कैप्स कैफे नाम के इस कैफे का उद्घाटन किया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हमलावरों ने कैफे पर 9 राउंड फायरिंग की। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि खालिस्तानी आतंकवादी हरजीत सिंह लाडी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। हरजीत सिंह नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी की लिस्ट में मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में शामिल है और बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा है।

### कनाडा में एपी ढिल्लों के घर पर पिछले साल फायरिंग हुई थी

इससे पहले कनाडा के वैंकूवर में पंजाबी गायक एपी ढिल्लों के घर के बाहर 1 सितंबर, 2024 की रात को फायरिंग हुई थी। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें एक व्यक्ति ढिल्लों के घर के बाहर 14 गोलियां चलाता दिखा।

# कांवड़ मार्ग में ढाबों पर फूड सेफ्टी स्टिकर्स अनिवार्य

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

उत्तर प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव एवं अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने बताया कि राज्य भर के सभी कांवड़ मार्गों पर हमने एक विशेष अभियान शुरू किया है, जहाँ हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की दुकानों पर 'सेफ्टी ऐप कनेक्ट' स्टिकर चिपका रहे हैं।

एजेंसी



11 जुलाई से शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा से पहले, उत्तर प्रदेश सरकार ने तीर्थयात्रा मार्ग पर खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अभियान को तेज कर दिया है। इसके तहत सभी भोजनालयों के लिए फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप से जुड़े क्यूआर-कोड वाले स्टिकर लगाना अनिवार्य कर दिया गया है।

# उमर अब्दुल्ला ने की जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग

## बोले- इसमें अब देरी नहीं होनी चाहिए

> उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए और राज्य की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी हमारी होनी चाहिए। कोलकाता में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को जम्मू-कश्मीर के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं, खासकर जब हालात खराब रहे हैं।

एजेंसी



जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिए जाने पर सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दुर्भाग्य से, केंद्र शासित प्रदेश होने के नाते, राज्य की सुरक्षा हमारी ज़िम्मेदारी नहीं है। हम चाहते हैं कि यह ज़िम्मेदारी हमारी हो। हमारी सरकार को जल्द से जल्द जम्मू-कश्मीर की ज़िम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम केंद्र शासित प्रदेश नहीं बनना चाहते। हमें केंद्र शासित प्रदेश बनाना हमारे साथ बहुत बड़ा विश्वासघात था। केंद्र सरकार और भाजपा जम्मू-कश्मीर को फिर से राज्य बनाने का वादा कर रही हैं। इसमें अब देरी नहीं होनी चाहिए। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि हमें जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिया जाना चाहिए और राज्य की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी हमारी होनी चाहिए। कोलकाता में उमर अब्दुल्ला ने कहा कि मैं पश्चिम बंगाल के लोगों को जम्मू-कश्मीर के लिए उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं, खासकर जब हालात खराब रहे हैं। उन्होंने कहा कि अच्छे समय में दोस्तों की कमी नहीं होती, लेकिन दोस्ती का असली प्रतिबिंब मुश्किल समय में होता है। 90 के दशक में हमारे पर्यटन पुनरुद्धार की शुरूआत दो जगहों से हुई, गुजरात और पश्चिम बंगाल से।

# प्रशांत किशोर ने कन्हैया कुमार की जमकर की तारीफ

### बोले- उनसे डरा हुआ है राजद नेतृत्व

किशोर ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) कन्हैया जैसे नेताओं से डरा हुआ है, उन्हें डर है कि वे नेतृत्व को चुनौती दे सकते हैं। उनकी यह टिप्पणी बिहार में मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ महागठबंधन के विरोध प्रदर्शन के दौरान कन्हैया कुमार और पप्पू यादव को सुरक्षाकर्मियों द्वारा वैन में चढ़ने से रोके जाने के बाद आई है।

एजेंसी



जन सुराज पार्टी (जेएसपी) के प्रमुख प्रशांत किशोर ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार की जमकर तारीफ की है और उन्हें बिहार में कांग्रेस का सबसे प्रभावशाली नेता बताया है। साथ ही, उन्होंने कांग्रेस के भीतर अंदरूनी तनाव की ओर भी इशारा किया है। किशोर ने दावा किया कि राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) कन्हैया जैसे नेताओं से डरा हुआ है, उन्हें डर है कि वे नेतृत्व को चुनौती दे सकते हैं।

**निशाना** — विजय सिन्हा ने विपक्ष पर साधा निशाना

# वोटर लिस्ट रिवीजन पर सुप्रीम कोर्ट का रोक से इनकार

एजेंसी



बिहार। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विपक्षी दलों द्वारा विरोध किए जाने पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण की राजनीति के लिए, बिहार में बांग्लादेशियों के अवैध प्रवेश की अनुमति देने वाले कांग्रेस और राजद के लोग अब उन्हें पालना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने कहां कहा कि भारतीय नागरिकों को दस्तावेज उपलब्ध कराने होंगे? बिहार में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले इन 15-20% लोगों ने बिहार को कलंकित किया है और अराजकता का माहौल बनाया है। कांग्रेस-राजद उनके पक्ष में खड़ी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। विजय कुमार सिन्हा ने साफ तौर पर कहा कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ अपना काम कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने भारत के चुनाव आयोग को चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अपने कार्य को जारी रखने की अनुमति दे दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि प्रथम दृष्टया उसकी राय है कि न्याय के हित में, चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आधार, राशन कार्ड और मतदाता पहचान पत्र आदि जैसे दस्तावेजों को भी शामिल करने पर विचार करना चाहिए। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि हम माननीय न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं, हमें उस पर भरोसा है। एक तरफ वे (विपक्ष) संविधान में विश्वास का दावा करते हैं; दूसरी तरफ वे संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं... वे संवैधानिक संस्थाओं का अपमान क्यों करते हैं? यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए राहत की बात है। अब इस मामले की सुनवाई 28 जुलाई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आधार, वोटर आईडी और राशन कार्ड को सत्यापन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के इस सुझाव को मानेगा। इसका इंतजार कीजिए। दरअसल आरजेडी, कांग्रेस और टीएमसी समेत नौ दलों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर एसआईआर को असंवैधानिक बताया था. उनका आरोप था कि यह प्रक्रिया मुस्लिम, दलित, और गरीब समुदायों को निशाना बना सकती है। तेजस्वी यादव ने कहा, आधार और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज क्यों अस्वीकार किए गए? 4 करोड़ प्रवासी 18 दिन में सत्यापन कैसे करेंगे?

> बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि हम माननीय न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं, हमें उस पर भरोसा है। एक तरफ वे (विपक्ष) संविधान में विश्वास का दावा करते हैं; दूसरी तरफ वे संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं

# सीएम रेखा गुप्ता का दावा, भारी बारिश के बाद भी दिल्ली में नहीं हुआ कोई जलभराव



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दावा किया कि बुधवार रात से दिल्ली-एनसीआर में हुई भारी बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कोई जलभराव नहीं हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हम दिल्ली के पिछले 27 सालों के लंबित मामलों को एक-एक करके सुलझा रहे हैं। इतनी भारी बारिश के बाद भी दिल्ली में जलभराव नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि मिंटो ब्रिज पर जलभराव नहीं हुआ, जो हर मानसून में मीडिया की सुर्खियां बनता था। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि अखबारों में पानी से भरे मिंटो ब्रिज की तस्वीर छपना एक चलन था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि अगले मानसून तक दिल्ली की स्थिति और भी बेहतर हो जाएगी। इस बीच, दिल्ली में बुधवार से लगातार बारिश हो रही है, जिससे उत्तम नगर के बिंदापुर समेत कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जहाँ सड़कें पानी में डूबी हुई हैं। भारी बारिश के बाद राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में यातायात भी ठप हो गया। आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर जलभराव वाली सड़कों की तस्वीरें साझा कीं और भाजपा पर चारों 'इंजन' के बावजूद बाढ़ से निपटने में बार-बार विफल रहने का आरोप लगाया।

> मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा कि अखबारों में पानी से भरे मिंटो ब्रिज की तस्वीर छपना एक चलन था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि अगले मानसून तक दिल्ली की स्थिति और भी बेहतर हो जाएगी।

## सम्पादकीय

### एक और पुल गिरा, लोगों की जान से खिलवाड़ और सरकारी संसाधनों की बबार्दी

यह धारणा है कि मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त है लेकिन यह सख्ती नजर क्यों नहीं आती ? यदि भारत को विकसित बनना है तो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए भ्रष्ट तत्वों को दंडित करना होगा। अपने यहां भ्रष्ट अधिकारी तो बड़ी कठिनाई से दंडित होते हैं।यह बड़े दुख, शर्म और देश को बदनाम करने वाली बात है कि गुजरात में फिर एक पुल गिर गया। उस पर से गुजर रहे कुछ वाहन नदी में समा गए और कई लोग मारे गए। इस पुल को करीब 40 साल पुराना बताया जा रहा है, पर 40 वर्ष पुराना बड़ी बात नहीं। दुर्भाग्य से अपने देश में तो चार वर्ष पुराने पुल भी ढह जाते हैं। कभी-कभी तो नए बने अथवा निमार्णाधीन पुल गिर जाते हैं।कुछ समय पहले बिहार में पुलों के गिरने का तांता लगा था। बात केवल पुलों की ही नहीं है, बुनियादी ढांचे संबंधी अन्य निर्माण की भी है। जब कोई पुल, हाईवे आदि बनता है तो कहा जाता है कि यह इंजीनियरिंग का कमाल है, लेकिन कुछ ही समय बाद या तो वे धंस जाते हैं या उनमें जल भराव होने लगता है।ऐसा खराब इंजीनियरिंग और डिजाइन के कारण होता है। पुलों, सड़कों आदि का खराब निर्माण जारी है। उनकी मजबूती पर कोई ध्यान नहीं देता-न तो सीपीडब्ल्यूडी, पीडब्ल्यूडी जैसी सरकारी एजेंसियां और न ही केंद्र एवं राज्य सरकारें।चूंकि गुजरात प्रधानमंत्री और गृहमंत्री का गृह प्रदेश है, इसलिए विपक्षी दलों को यह कहने का मौका मिला है कि गुजरात माडल की पोल खुल गई, लेकिन बाकी राज्यों में भी तो सरकारी निर्माण की यही स्थिति है। सरकारी निर्माण में लापरवाही के पीछे मूल कारण नेताओं, नौकरशाहों, इंजीनियरों, ठेकेदारों आदि का भ्रष्टाचार है।इस भ्रष्टाचार से सरकारें अवगत हैं, लेकिन कोई निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए गंभीर नहीं। जब कोई घटना घट जाती है और लोग मारे जाते हैं तो मुआवजे की घोषणा के साथ जांच-कठोर जांच का वादा किया जाता है, पर होता कुछ नहीं है। यदि यही सिलसिला कायम रहा तो भारत को विकसित बनाने का दावा थोथा साबित होगा।आखिर जिस देश का बुनियादी ढांचा ढहता रहे, वह विकसित कैसे बन सकता है ? विकसित देशों में तो ऐसा घटिया निर्माण नहीं होता। अपने यहां अंग्रेजों के बनाए पुल तो कायम हैं, लेकिन भारतीयों की ओर से बनाए गए निर्माण गिरते रहते हैं। हाईवे, पुल आदि के निर्माण में खामी की बात कई बार केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मान चुके हैं, लेकिन गलती मानने का तब कोई मतलब नहीं, जब उसमें सुधार न हो। आखिर यह सुधार कौन करेगा ?यह धारणा है कि मोदी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त है, लेकिन यह सख्ती नजर क्यों नहीं आती ? यदि भारत को विकसित बनना है तो निर्माण कार्यों की गुणवत्ता हर हाल में सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए भ्रष्ट तत्वों को दंडित करना होगा।

## आज का विचार







**मेष राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर काम का दबाव झेलना पड़ सकता है. बिजनेसः व्यापार में मिला-जुला परिणाम मिलेगा. धनः निवेश करने से पहले जानकार से सलाह जरूर लें. शिक्षाः आज का दिन आपके पक्ष में रहने वाला है. लव/पारिवारिकः पारिवारिक विवाद सुलझ सकते हैं उपायः सूर्य भगवान को जल चढ़ाएं.

**वृषभ राशि :** करियरः करियर में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा. बिजनेसः व्यापार में नए लोगों के साथ संबंध स्थापित करेंगे. धनः आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे. शिक्षाः किसी भी तरह की परीक्षा का परिणाम आज आपके हक में रह सकता है. लव/पारिवारिकः परिवार में संतान पक्ष की ओर से खुशियां मिलेंगी. उपायः शिवलिंग पर जल अर्पित करें.

**मिथुन राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र पर काम की अधिकता रहेगी, मानसिक रूप से थकान महसूस करेंगे. बिजनेसः रुकी हुई डील में फायदा मिल सकता है. आज अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं. धनः आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए बचत की योजना बना सकते हैं. शिक्षाः विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मेहनत भरा साबित रहेगा.

**कर्क राशि :** करियरः करियर में उतार-चढ़ाव देखना पड़ सकता है. बिजनेसः किसी के साथ संबंध बनाते समय लापरवाही न दिखाएं. धनः शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने से पहले सलाह जरूर लें. शिक्षाः पढ़ाई के साथ-साथ अन्य चीजों में मन भाग सकता है.

**सिंह राशि :** करियरः कार्य में भागदौड़ रहेगी, परिणाम अच्छे मिलेंगे. बिजनेसः व्यापार में लाभ संभव है, नई डील हो सकती है. धनः अच्छा लाभ मिल सकता है, खर्च सोच-समझकर करें. शिक्षाः नई चीजें सीखने का अवसर मिलेगा.लव/पारिवारिकः परिवार से सहयोग मिलेगा, नई वस्तु की खरीदारी संभव.

**कन्या राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर काम से संबंधित नई जिम्मेदारी मिल सकती है. बिजनेसः व्यापार के मामले में थोड़े चालाक बनें. धनः किसी दोस्त को पैसों की जरूरत पड़ सकती है. शिक्षाः बेहतर परिणाम की आशा में रहने से अच्छा है, अधिक मेहनत करें. लव/पारिवारिकः प्रेम के लिहाज से पार्टनर के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा.

**तुला राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर किसी से बहस हो सकती है. बिजनेसः व्यापार में आज के दिन अधिक मुनाफा कमा सकते हैं. धनः धन की बचत करें, फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें. शिक्षाः विद्यार्थियों को इस वक्त अधिक मेहनत करनी होगी. लव/पारिवारिकः परिवार में किसी सदस्य की तबीयत खराब हो सकती है.

**वृश्चिक राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र पर अपने काम को गंभीरता से करने की जरूरत है. बिजनेसः साझेदारी में किसी भी तरह का व्यापार करने से बचें. धनः किसी से न उधार लें और न ही किसी को उधार दें. शिक्षाः यह समय आपके पक्ष में परिणाम रहने वाला है. लव/पारिवारिकः संतान पक्ष की चिंता सता सकती है.

**धनु राशिः** करियरः कार्यक्षेत्र पर आपके काम को सम्मानित किया जा सकता है. बिजनेसः बिजनेस में नई शुरूआत करने के लिए समय अच्छा है. धनः किसी भी तरह की स्कीम से पैसा कमा सकते हैं. शिक्षाः कुछ सवालों के जवाब ढूंढने में दिक्कत आ सकती है.

**मकर राशि :** करियरः कार्य में मन लगा रहेगा. अपनी योजना किसी से साझा न करें.बिजनेसः व्यापार में बढ़िया ऑर्डर मिल सकता है.धनः धन खर्च करने से पहले निवेश पर सोचें.शिक्षाः पढ़ाई में मन नहीं लग सकता, गंभीरता से लें.

**कुंभ राशिः** करियरः काम की अधिकता के कारण समय रहते निपटान करेंगे. बिजनेसः व्यापार में किसी साझेदार की तलाश कर सकते हैं.

**मीन राशि :** करियरः कार्यक्षेत्र पर सहकर्मी की सहायता कर सकते हैं.बिजनेसः किसी भी मौके को हाथ से जाने न दें.धनः धन की बचत को लेकर जानकार से बचत योजनाओं के बारे में पूछें.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# राजनीतिक दुर्भावना का निशाना बनी हिंदी

> हिंदी विरोध की निकृष्ट राजनीति द्वारा अपनी कमजोर होती राजनीतिक जमीन को मजबूत करने की ठाकरे बंधुओं की कोशिश कितनी सफल होगी यह तो भविष्य ही बताएगा। इतना अवश्य स्पष्ट है कि यह विरोध न केवल महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अपमान है बल्कि स्वयं मराठी लोगों के हित में भी नहीं है।

पा संकीर्ण राजनीति जनहित तथा राष्ट्रहित के बजाय तुच्छ स्वार्थ से संचालित होती है। ऐसी राजनीति करने वाले नेता वास्तविक मुद्दों के बजाय जाति, क्षेत्र और भाषा के छद्म मुद्दों पर जनता को बरगलाते हैं, जिसमें स्वार्थ प्रथम और जनहित या राष्ट्र अंतिम होता है। ऐसी ही राजनीति इन दिनों महाराष्ट्र में हिंदी विरोध के नाम पर देखी जा रही है।कथित भाषा को लेकर हो रही यह राजनीति राष्ट्रहित में तो नहीं ही है, बल्कि मराठी मानुष के लिए भी हितकारी नहीं है। यह हालिया विवाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत कक्षा पांच तक के लिए तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य बनाने के राज्य सरकार के फैसले से शुरू हुआ। हालांकि विरोध के बाद हिंदी को वैकल्पिक कर दिया गया, लेकिन अपना सियासी वजूद गंवा रहे उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने इसमें तमिलनाडु या कर्नाटक की तर्ज पर एक मौका देखा।यूबीटी और मनसे ने मिथ्या आरोप लगाया कि सरकार मराठियों पर हिंदी थोप रही है। हिंदी के इस विरोध के पीछे विशुद्ध राजनीतिक स्वार्थ दिखता है, जिसकी अभिव्यक्ति उस मंच पर दिखी जब दशकों तक एक दूसरे के विरोधी रहे उद्धव और राज ठाकरे एक साथ आ गए। साफ है कि बीएमसी सहित आगामी निकाय चुनाव से पहले अपना राजनीतिक अस्तित्व बचाने के लिए ये नेता हिंदी विरोध को आखिरी दांव के रूप में आजमा रहे हैं। हिंदी एवं उत्तर भारतीयों का



विरोध करने वाले इन नेताओं को जानना चाहिए कि मराठी अस्मिता के दो सबसे प्रखर प्रतीक छत्रपति शिवाजी और उनके पुत्र छत्रपति संभाजीराजे का हिंदी और हिंदी क्षेत्र के लोगों से क्या संबंध था। जब औरंगजेब ने 1666 में शिवाजी को आगरा में धोखे से नजरबंद कर लिया, तब टोकरियों में छिपकर भगाने में स्थानीय हिंदी पट्टी के लोगों की अहम भूमिका रही। यही नहीं, शिवाजी ने 1674 में अपने राज्याभिषेक के लिए काशी यानी हिंदी क्षेत्र के ही पुरोहितों को बुलाया था। शिवाजी के पुत्र संभाजीराजे का भी हिंदी वालों से गहरा नाता था। इतिहासकार जदुनाथ सरकार शिवाजी एंड हिज टाइम्स पुस्तक में बताते हैं कि संभाजीराजे हिंदी के अच्छे विद्वान थे। उन्होंने हिंदी भाषा में सातशतक, नखशिखा और नायिकाभेद नामक तीन पुस्तकें भी लिखीं। मराठा इतिहास के एक महत्वपूर्ण स्रोत मराठी बखरों के अनुसार काशी, प्रयाग, मथुरा आदि से उनका आत्मीय संपर्क रहा, जहां से विद्वानों–कलाकारों को वे बुलाते थे। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में एक अस्त्र बनाने का विचार महाराष्ट्र के ही एक सपूत ने दिया था। 1864 में महाराष्ट्र के श्रीमान पेंठे ने मराठी भाषा में राष्ट्रभाषा नामक पुस्तक में लिखा कि आज देश की एकता के लिए एक भाषा की जरूरत है और वह भाषा हिंदी ही हो सकती है। महाराष्ट्र के ही लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक, गोपाल कृष्ण गोखले और काका कालेलकर आदि ने भी हिंदी अपनाने की पुरजोर वकालत की। आज महाराष्ट्र की जनता को शिवाजी, संभाजीराजे और स्वाधीनता आंदोलन की महान, उदार विरासत को बताने की जरूरत है ताकि वे इन संकीर्ण नेताओं के बहकावे से बच सकें। उद्धव ठाकरे की पोल तो इस तथ्य से भी खुल जाती है कि जब वह मुख्यमंत्री थे, तभी हिंदी को मराठी एवं अंग्रेजी कक्षा के साथ–साथ कक्षा एक से 12 तक अनिवार्य बनाने का फैसला जनवरी 2022 में कर लिया था। यह राजनीतिक पाखंड की पराकाष्ठा ही है कि बीएमसी समेत आगामी निकाय चुनावों में राजनीतिक लाभ के लिए उद्धव आज हिंदी विरोध को हवा दे रहे हैं। इन नेताओं का राजनीतिक मुखौटा तब एकदम बेनकाब हो जाता है कि मराठी भाषा की चिंता करने वाले ठाकरे बंधु मुस्लिम इलाकों में मराठी के प्रश्न पर चुप्पी साध लेते हैं। मुस्लिम वोट बैंक के बारे में उद्धव गुट के नेता संजय राउत का हालिया कथन है कि मुस्लिम वोटों की चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि सब लोग हमारे साथ हैं। दरअसल यह मुस्लिम वोट बैंक छिटक न जाए, इसलिए मुस्लिम इलाकों में मराठी लागू कराने की उनकी कोई मंशा नहीं।महाराष्ट्र के बच्चों को हिंदी से वंचित करना उनके करियर के लिए भी ठीक नहीं। इसे भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि मुंबई में ही हिंदी फिल्म एवं मनोरंजन उद्योग केंद्रित है, जिससे लाखों मराठी लोगों की आजीविका चलती है। आज करियर की भाषा के रूप में हिंदी एक नया मुकाम बना रही है। देश के चार सबसे बड़े अखबार हिंदी भाषा के ही हैं। देश में सबसे अधिक टीवी और यूट्यूब चैनल हिंदी के हैं। टेलीविजन विज्ञापनों में 70 प्रतिशत से अधिक विज्ञापन हिंदी में हैं, जिनके लिए हिंदी कापीराइटर्स चाहिए।भारत के हर राज्य या महाराष्ट्र के ही तमाम विश्वविद्यालयों और कालेज में हिंदी पढ़ाई जाती है। यहां तक कि 200 विदेशी विश्वविद्यालयों में हिंदी पढ़ाई जाती है। आर्थिक रूप से उभरते भारत में मल्टीनेशनल कंपनियों को अपने कंटेंट के लिए भारतीय भाषाओं और मुख्य रूप से हिंदी के कंटेंट राइटर या एडिटर की आवश्यकता होगी। दिल्ली विश्वविद्यालय में ही हिंदी पढ़ने वाले विदेशी छात्रों की संख्या एक दशक में दोगुनी हो गई है। हिंदी का विरोध महाराष्ट्र के बच्चों को तमाम अवसरों और नई संभावनाओं से वंचित ही करेंगे। इसके अतिरिक्त हिंदी का विरोध राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द के लिए भी ठीक नहीं।महाराष्ट्र के लोगों को यह भी समझने की जरूरत है कि महाराष्ट्र नाम ही एक व्यापक भाव भूमि का प्रतीक है। महाराष्ट्र यानी वह क्षेत्र जो राष्ट्र का महाभाव लिए है, जो देश के सभी हिस्सों के लोगों को आत्मीय भाव से अपनाता हो। देश के किसी भी राज्य के नाम में राष्ट्र शब्द नहीं लगा है। हिंदी विरोध की निकृष्ट राजनीति द्वारा अपनी कमजोर होती राजनीतिक जमीन को मजबूत करने की ठाकरे बंधुओं की कोशिश कितनी सफल होगी, यह तो भविष्य ही बताएगा। इतना अवश्य स्पष्ट है कि यह विरोध न केवल महाराष्ट्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अपमान है, बल्कि स्वयं मराठी लोगों के हित में भी नहीं है।

# आधार और पैन कार्ड निजी जीवन की सुविधा या गोपनीयता भंग होने का खतरा

संजीव ठाकुर

हिंदुस्तान की आबादी की 141 करोड़ जनसंख्या में से 120 करोड़ जनमानस के पास है। यह आंकड़े सरकार के पास भी जो अक्सर यह संदेह पैदा करतें

है कि इसका कही दुरुपयोग होकर , कहीं आपके निजी जीवन में हस्तक्षेप तो नहीं किया जा रहा है। सरकार द्वारा समस्त शासकीय सुविधाओं की प्राप्ति के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं मोबाइल सिम के लिए आधार कार्ड की अनिवार्यता लागू कर दी गई है। यह बात तो सर्वविदित है कि मोबाइल में सिम कार्ड लेते वक्त आधार कार्ड की अनिवार्यता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अति महत्वपूर्ण तो है ही पर इसमें कभी-कभी यह आशंका भी होने लगती है कि भारत में निवास करने के लिए आधार के रूप में निजी जीवन में कहीं दखलअंदाजी तो नहीं है अथवा व्यक्ति के जीवन में उसकी निजता पर प्रहार तो नहीं है।

चूंकि आधार कार्ड व्यक्ति की निजी पहचान को अपने में सम्मिलित करता है और इसकी अनिवार्यता से व्यक्ति की निजी पहचान का दुरुपयोग हो सकता है। व्यक्ति कहां क्या गतिविधियां कर रहा है यह आधार की अनिवार्यता के साथ सरकार के पास सारी जानकारी उपलब्ध हो जाती है, जिससे सरकार द्वारा अथवा डाटा संग्रहण केंद्र के माध्यम से किसी भी हैकर द्वारा दुरुपयोग किया जा सकता है।जो व्यक्तिगत इच्छा के विपरीत है और यदि सरकार आधार से संबंधित आंकड़े किसी अन्य पक्ष के साथ साझा करती है तो इसके दुरुपयोग की संभावना प्रबल हो जाती है। आधार कार्ड के दुरुपयोग की दूसरी समस्या इसके राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में उपयोग किए जाने की भीतर हो सकती है। राजनीति में सत्ता पक्ष की जितनी




भूमिका होती है विपक्ष की भूमिका उससे अधिक होती है। आधार कार्ड के आंकड़ों के माध्यम से कोई भी सत्ता पक्ष, विपक्ष की इस भूमिका को सीमित करने का प्रयास कर सकता है। आधार कार्ड की अनिवार्यता के साथ विपक्षी राजनेताओं के संवादों को टेप कर रणनीति का पूवानुमान लगाना सत्ता पक्ष की मंशा हो सकती है,इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। पर इसके कई फायदे भी हैं ,आधार कार्ड की पैन कार्ड में अनिवार्यता ने वर्षों से टैक्स की छूट ले रहे फर्जी पैन कार्ड धारकों के हितों में चोट तो की है।इससे सरकार के कर संग्रहण में बढ़ोतरी होने से योजनाओं के लिए धन आवंटन एवं भौतिक सामाजिक निवेश में वृद्धि होगी। आधार कार्ड की अनिवार्यता से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता नहीं बढ़ाया जा सकता है क्योंकि इससे सरकार के पास वास्तविक सफलता के आंकड़े भी उपलब्ध होंगे जो बेहतर नीति निर्माण के लिए सहायक भी होगी।विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि भले ही निजता का अधिकार मौलिक अधिकार हो किंतु सरकार द्वारा जनकल्याण के कार्यों के लिए उसका अतिक्रमण किया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक सरकार का प्रथम एवं अंतिम उद्देश्य लोक कल्याणकारी रूप में स्वयं को स्थापित करना है। यदि लोक कल्याण के लिए सरकार व्यक्तियों के आंकड़ों का संग्रहण करती है उसे उचित माना जाना चाहिए।शर्त यह है कि सरकार विधि सम्मत स्थापित कर दें कि उन एकत्रित आंकड़ों का दुरुपयोग कि किन्ही भी स्थिति में नहीं किया जाएगा। व्यक्ति की निजता एक अखंडनिय अधिकार है, किंतु इसकी निरंतरता के लिए सरकार का सहयोग अपनी कर्तव्यनिष्ठा का पालन भी आवश्यक है। व्यक्ति को चाहिए कि वर्तमान डिजिटल युग के खतरों को भांपते हुए निजी पहचान को किसी भी अनाधिकृत वेबसाइट अथवा व्यक्ति को देने से बचें क्योंकि निजता का वास्तविक खतरा उससे है,ना कि सरकार के आंकड़ों के संग्रहण से है। आंकड़ों की उपलब्धता सरकार के लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी है। किंतु सरकार को यह आश्वासन देना होगा कि एकत्रित आंकड़ों का किन्हीं भी परिस्थितियों में दुरुपयोग नहीं किया जाएगा और व्यक्ति की निजता पर किसी तरह की आंच आने की संभावना नहीं होगी। आज इंटरनेट हमें देख रहा है हमारी प्रत्येक गतिविधि पर नजर है, कल टीवी पर भी हमें देखेगा हमारी सूचियों की जानकारी रखेगा इससे यह लाभ होगा कि हमारा जीवन सरल हो जाएगा किंतु कीमत होगी हमारी निजता की इस पर खतरा ना हो तो सारी सुविधाएं मानवीय पहलुओं को सहायता करना ही है। आज के डिजिटल युग में हमें किसी किसी भी साइट अथवा किसी भी चैनल को अपना आधार कार्ड नंबर तुरंत नहीं बताना चाहिए इससे साइबर अपराध को बढ़ोतरी मिलती है एवं धन हानि की संभावना ज्यादा होने लगेगी।

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ

ललित गर्ग

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नये-नये मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं।इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परिदृश्य को दिलचस्प बना दिया है। इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे।

सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं। एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिये हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे ‘महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान’ बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएँ कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं। बिहार उन शुरूआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए पचास फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन ‘माई-बहिन मान योजना’ के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया।यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं।

# साउथ इंडियन चलाते हैं डांस बार...

## कैंटीन कर्मचारी को पीटने वाले संजय गायकवाड ने फिर दिया विवादित बयान



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई की कैंटीन में कर्मचारी को पीटने के बाद शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने एक बयान दिया है। गायकवाड़ ने कहा है कि दक्षिण भारतीयों को खाने के ठेके नहीं दिए जाने चाहिए क्योंकि वे डांस बार और लेडीज बार चलाते हैं। उन्हें अच्छा खाना परोसना नहीं आता। गायकवाड़ ने खाने की गुणवत्ता ठीक नहीं होने पर मुंबई में एक कैंटीन कर्मचारी को पीटा था। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद गायकवाड़ ने कोई अफसोस व्यक्त नहीं किया था। उन्होंने कहा था कि वह एक विधायक होने के साथ फाइटर भी हैं। इसके बाद एकनाथ शिंदे की अगगुवाई वाली शिवसेना विपक्ष के निशाने पर आ गई थी। अब संजय गायकवाड़ ने फिर विवादित बयान दिया है। गायकवाड़ महाराष्ट्र के बुलढाणा से विधायक हैं। गायकवाड़ आकाशवाणी की कैंटीन में मारपीट की थी।

बिगाड़ते हैं महाराष्ट्र की संस्कृति

विधायक संजय गायकवाड़ ने इंडिया टुडे टीवी से बात करते हुए कहा, श्शेट्टी नाम के ठेकेदार को ठेका क्यों दिया गया? इसे किसी मराठी व्यक्ति को दिया जाए। वे जानते हैं कि हम क्या खाते हैं और हमें अच्छी क्वालिटी का खाना देंगे। दक्षिण भारतीय डांस बार, लेडीज बार चलाते हैं और महाराष्ट्र की संस्कृति को खराब करते हैं। उन्होंने हमारे बच्चों को भ्रष्ट कर दिया है। वे अच्छा खाना कैसे परोसेंगे? संजय गायकवाड़ ने यह बयान ऐसे वक्त पर दिया है जब कैंटीन कर्मचारी को पीटने के मामले पर सीएम फडणवीस ने नाराजगी व्यक्त की थी और विधानसभा के अध्यक्ष को एक्शन लेने के लिए कहा था।

# अगर किसी और राज्य में ये घटना होती...गुजरात पुल हादसे पर संजय राउत का तीखा कटाक्ष, प्रियंका गांधी भी बोलीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई/अहमदाबादः गुजरात के वडोदरा में ब्रिज हादसे पर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने बड़ा हमला बोला है। गुजरात में भूपेंद्र पटेल की सरकार जहां पर 5 साल में 15 ब्रिज टूटने के बाद निशाने पर है तो वहीं दूसरी तरफ गुरुवार को शिवसेना यूबीटी नेता संजय राउत ने कहा कि ये गुजरात मॉडल है ना, बार-बार वहां इमारत गिरती है, पुल गिरता, विमान गिरता है, सब कुछ होता है लेकिन चर्चा नहीं होती है। लेकिन अगर किसी और राज्य में ये घटना हुई होती जहां भाजपा की सरकार नहीं है तो वहां पर पूरी बीजेपी उस घटना पर चर्चा करती है।

### अब तक 15 लोगों की मौत

गुजरात में वडोदरा और आणंद जिलों को जोड़ने वाला गंभीरा पुल बुधवार की सुबह टूट गया था। इस हादसे में अभी तक 15 लोगों की मौत हो चुकी हैं। प्रशासन को नदी से वाहन निकालने में काफी दिक्कत हो रही है। यही वजह है कि रेस्क्यू ऑपरेशन अभी जारी है। गुरुवार सुबह भी दो डेडबॉडी मिलने से मृतकों की कुल संख्या 15 पहुंच गई। कलेक्टर वडोदरा डॉ. अनिल धामेलिया के अनुसार यह अंतिम आंकड़ा नहीं है। संजय राउत ने मुंबई में मीडिया से बातचीत में कहा कि कल वडोदरा में एक पुल गिरने से लोग नदी में बह गए तो इसमें कौन जिम्मेदार है? वहां किसी की सरकार है? ये आपका गुजरात मॉडल है।

### प्रियंका गांधी भी हादसे पर बोलीं

वडोदरा में आणंद को जोड़ने वाले पुल के गिरने की घटनर पर प्रियंका गांधी ने बयान दिया है। प्रियंका गांधी ने नई निदल्ली मे कहा कि बहुत दुख की बात है। पूरी जांच होनी चाहिए कि ऐसा क्यों हो रहा है। वडोदरा ब्रिज हादसे के बाद राज्य में कांग्रेस आक्रामक है। आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री से इस्तीफा मांगा है, क्यों यह सामने आया है कि इस ब्रिज के कमजोर होने के लेकर बार-बार प्रशासन को अगवत कराया गया था, लेकिन इस ब्रिज पर भारी वाहनों की आवाजाही को बंद नहीं किया गया, हालांकि हादसे के बाद भी राज्य का मार्ग एवं मकान विभाग पुल को कमजोर नहीं मान रहा है। सामने आया है कि इस पिछले साल रिपेयर किया गया था और मौजूदा साल में भी पैचिंग की गई थी।

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई उपनगरीय स्टेशनों पर अत्याधुनिक ट्रेन संकेतक लगाये गये

## अब तक ये अत्याधुनिक संकेतक मरीन लाइन्स, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी और मालाड स्टेशनों पर लगाए जा चुके हैं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा मुंबई उपनगरीय स्टेशनों पर यात्री-अनुकूल ट्रेन संकेतक लगाकर यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ाने और अपने बुनियादी ढाँचे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। यह पहल अमृत भारत स्टेशन योजना (ABSS) के तहत की गई है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यात्री सुविधा को बढ़ावा देने के लिए मरीन लाइन्स, चर्नी रोड, ग्रांट रोड, लोअर परेल, प्रभादेवी, जोगेश्वरी और मालाड स्टेशनों पर नए अत्याधुनिक संकेतक लगाए गए हैं। नए डिजाइन और उन्नत मैट्रिक्स ग्रिड डिस्प्ले के साथ ये संकेतक पढ़ने में बेहतर सुविधा और दृश्यता प्रदान करते हैं, जिससे दैनिक यात्रियों के लिए यात्रा का अनुभव और भी सहज हो जाता है। इन नए संकेतकों की एक प्रमुख विशेषता स्क्रॉलिंग सूचना लाइन है, जो गतिशील रूप से उन स्टेशनों के नाम प्रदर्शित करती है जहाँ ट्रेन रुकेगी, जिससे यात्रियों को रियल टाइम और यात्रा से जुड़ी आसानी से समझ में आने वाली जानकारी मिलती है। ये संकेतक बहुभाषी भी हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले यात्रियों के बीच प्रभावी संचार सुनिश्चित करते हैं। गौरतलब है कि इन संकेतकों को आधुनिक तकनीक को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। ये संकेतक ईथरनेट-आधारित नेटवर्क से जुड़े हैं, जिससे दूर से ही केंद्रीकृत निगरानी, त्वरित समस्या निवारण और अनुकूलन संभव हो पाता है। पश्चिम रेलवे प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन के माध्यम से एक स्मार्ट और यात्री-अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्री सूचना प्रणालियों में यह उन्नयन इसी लक्ष्य की दिशा में एक कदम है।

# खौफनाकः महाराष्ट्र में एक जिले में 14000 महिलाओं में मिले कैंसर के लक्षण, क्या बोले स्वास्थ्य मंत्री?

**महाराष्ट्र के एक जिले में 14000 महिलाओं के कैंसर रोगी होने का खुलासा हुआ है। राज्य सरकार की तरफ से संजीवनी मिशन में यह जानकारी सामने आई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने गुरुवार को विधानसभा में इसकी पुष्टि की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टाटा मेमोरियल के सहयोग से इलाज किया जाएगा।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः महाराष्ट्र के हिंगोली जिले में 14 हजार महिलाओं में कैंसर के लक्षण मिले हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र में आने वाले इस जिले में पिछले दिनों राज्य सरकार ने व्यापक स्तर पर अभियान चलाकर जांच की थी। इसमें से 1400 हजार महिलाएं संदिग्ध कैंसर रोगी के तौर पर सामने आई हैं। गुरुवार को राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की संजीवनी स्कीम के तहत स्क्रीनिंग के दौरान इन महिलाओं के बारे में यह जानकारी मिली है। आबितकर ने कहा कि 8 मार्च को महिला दिवस से सर्वे की शुरूआत की गई थी। इसके तहत कुल 2,92,996 महिलाओं के बीच जाकर सर्वे किया गया था। हिंगोली के कलेक्टर अभिनव गोयल ने पहले शुरूआती रिपोर्ट में यह संख्या 13,500 बताई थी। गर्भाशय कैंसर भी मिलास्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबितकर ने बताया कि सर्वे के जवाबों के आधार पर ही यह पता चला है कि करीब 14,500 महिलाओं में कैंसर जैसे लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि कुल 14,542 महिलाओं में से तीन को गर्भाशय का कैंसर पाया गया है। इसके अलावा एक महिला को स्तन कैंसर है और 8 को माउथ कैंसर है।

# डेंगू से एक मरीज की मृत्यु नगर निगम ने तेज की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



कल्याण। बेतुरकर पाड़ा, कल्याण पश्चिम निवासी 31 वर्षीय विलास भगवान म्हात्रे की एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान संदिग्ध डेंगू से मौत हो गई। मरीज को पहले 7 जुलाई को बाई रुक्मिणीबाई अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से डॉक्टरों ने स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सायन अस्पताल रेफर किया था। लेकिन परिजनों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां 10 जुलाई को उन्होंने अंतिम सांस ली। यह घटना एक चेतावनी है कि मच्छर जनित रोगों को हल्के में लेना घातक हो सकता है। नागरिकों की भागीदारी से ही डेंगू जैसे संक्रमण पर काबू पाया जा सकता है। इस घटना के बाद कल्याण-डोंबिवली नगर निगम ने डेंगू नियंत्रण के लिए कमर कस ली है। नगर निगम के चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए डेंगू के प्रकोप को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं।

### नगर निगम की प्रमुख पहलें:

शास्त्री नगर अस्पताल, बाई रुक्मिणीबाई अस्पताल और 26 शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू पीड़ितों का इलाज तेजी से किया जा रहा है।

वार्ड स्तर पर नागरिकों को डेंगू से बचाव की जानकारी देने के लिए समूह चचाएं और जागरूकता बैठकें आयोजित की जा रही हैं।

मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए सभी हाउसिंग सोसायटियों और निर्माण स्थलों पर निरीक्षण बढ़ाया गया है। लापरवाही बरतने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं।

नगर निगम के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर फूलों के गमले, मनी प्लांट, फिश टैंक जैसी संभावित प्रजनन स्थलों की जांच कर रहे हैं और मच्छरों के लार्वा मिलने पर उचित कार्रवाई की जा रही है।

सभी नागरिकों से सूखा दिन मनाने की अपील की गई है, जिसमें सप्ताह में एक दिन घर में रखे पानी के सभी बर्तनों को खाली कर धोया जाए।

बंद पड़े निर्माण स्थलों पर विशेष निगरानी के साथ धूमन, छिड़काव और तेल डालने जैसी रोकथाम की कार्रवाई शुरू की गई है।

चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला ने नागरिकों से अपील की है कि मानसून के दौरान मच्छरों से बचाव के लिए सतर्कता बरतें, घरों और आसपास के क्षेत्र में पानी जमा न होने दें और स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निदेर्शों का पालन करें।

# एआई/एमएल आधारित निरीक्षण प्रणाली के साथ ट्रेन सुरक्षा बढ़ाने के लिए भारतीय रेलवे और डीएफसीसीआईएल ने समझौता किया

## मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) ट्रेन सुरक्षा को बढ़ावा देगी, मैनुअल निरीक्षण को कम करेगी और सेवा व्यवधान को रोकेगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सेवा दक्षता में सुधार करने और रोलिंग स्टॉक के रखरखाव को स्वचालित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के अंतर्गत भारतीय रेलवे ने रोलिंग स्टॉक के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए मशीन विजन आधारित निरीक्षण प्रणाली (एमवीआईएस) की स्थापना के लिए समर्पित माल ढुलाई कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। एमवीआईएस एक आधुनिक, एआई/एमएल-आधारित प्रौद्योगिकी समाधान है जो चलती ट्रेनों के अंडर-गियर के उच्च-रिजॉल्यूशन छवियों को कैप्चर करता है और स्वचालित रूप से किसी भी हैंगिंग, ढीले या लापता घटकों का पता लगाता है। विसंगतियों का पता लगाने पर, सिस्टम त्वरित प्रतिक्रिया और कार्रवाई के लिए वास्तविक समय के अलर्ट चेतावनी देता है। समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से रेलवे बोर्ड के निदेशक (परियोजना एवं विकास) श्री सुमित कुमार और डीएफसीसीआईएल के जीजीएम (मैकेनिकल) श्री जवाहर लाल ने रेल भवन नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर सदस्य (ट्रैक्शन एवं रोलिंग स्टॉक) श्री बी.एम. अग्रवाल, डीएफसीसीआईएल के प्रबंध निदेशक श्री प्रवीण कुमार और रेलवे बोर्ड तथा डीएफसीसीआईएल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। एमओयू की शर्तों के अंतर्गत डीएफसीसीआईएल चार एमवीआई इकाइयों की खरीद, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशन के लिए जिम्मेदार होगा। यह प्रणाली भारतीय रेलवे में पहली है। प्रौद्योगिकी से ट्रेन संचालन की सुरक्षा को बढ़ाने, मैनुअल निरीक्षण प्रयासों को कम करने और संभावित दुर्घटनाओं/सेवा व्यवधानों से बचने में मदद करने की उम्मीद है। यह पहल रेलवे इकोसिस्टम के लिए आधुनिक, बुद्धिमान प्रणालियों को पेश करने के आईआर के व्यापक उद्देश्य के साथ भी संरेखित करती है। इस एमओयू पर हस्ताक्षर भविष्य के लिए तैयार रेल बुनियादी ढांचे के निर्माण में रेल सुरक्षा में डिजिटल परिवर्तन के लिए नई राह खोलेगी।

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा मडगांव से अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रवण विशेष यात्रा के संबंध में आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र मुंबई के जनसंपर्क अधिकारी और कोंकण रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी द्वारा मीडिया ब्रीफिंग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





दिनांक 9.7.2025 को मडगांव स्टेशन के वीआईपी कक्ष में डॉ. ए.के. सिंह, पीआरओ/ आईआरसीटीसी पश्चिम क्षेत्र मुंबई और श्री बबन घाटगे पीआरओ/कोंकण रेलवे, मडगांव साथ में श्री रमण यादव एरीया आफीसर, आईआरसीटीसी, मडगांव ने दिनांक 5/8/2025 को मडगांव से छूटने वाली, भारत गौरव ट्रेन द्वारा अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रावण यात्रा के बारे में मीडिया को संबोधित किया।

उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी की एक भारत, और श्रेष्ठ भारत और देखो अपना देश पहल के तहत आईआरसीटीसी 5 अगस्त को मडगांव से रवाना होने वाली भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन द्वारा अष्ट ज्योतिर्लिंग श्रवण विशेष यात्रा का आयोजन कर रहा है। यह 13 दिवसीय यात्रा आठ ज्योतिर्लिंग : द्वारका (नागेश्वर), सोमनाथ, उज्जैन (महाकालेश्वर), ओंकारेश्वर, नासिक (त्र्यंबकेश्वर), औरंगाबाद (घृष्णेश्वर), परभणी (परली वैजयनाथ), और मरकपुर (श्रीशैलम मल्लिकार्जुन) और मंदिरों के दर्शन कराएगी।

बोर्डिंग पाइंट

तीर्थ-यात्री, मडगांव, थिविम, सावंतवाडी,कुडाल, वैभववाड़ी, राजापुर रोड, रत्नागिरी, चिपलून,रोहा,पेण और पनवेल से चढ़/उतर सकते हैं।

IRCTC का उद्देश्य भारत भर में यात्रा को हर यात्री के लिए अधिक सुविधाजनक, सुखद और किफायती बनाना है, जिससे हर यात्री इसका लाभ उठा सके।

यह पैकेज परिवारों, समूहों और अकेले यात्रियों को ज्योतिर्लिंग के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों की यात्रा का एक सहज और किफायती तरीका है, साथ ही पर्यटक ट्रेन यात्रा से आराम और सुविधा का आनंद भी उठाते हैं।

मडगांव से भारत गौरव पर्यटन ट्रेन दिनांक 05.08.2025 को रवाना होगी, जिसकी कुल क्षमता लगभग 600-700 सीटों की है और जिसका पैकेज इकानॉमी (स्लीपर) प्रति व्यक्ति लगभग 23880/- रुपये, स्टेंडर्ड (3 एसी) 41060 रुपए और कम्फर्ट (2 एसी) 54660 रुपये है।

भारत गौरव ट्रेनों में स्लीपर (नॉन-एसी), एसी ककक टियर और एसी कक टियर कोचों की मिश्रित संरचना है। इन ट्रेनों के बाहरी हिस्से में लोकप्रिय भारतीय स्मारक, मूर्तियां, स्थलचिह्न और नृत्य रूप आदि प्रदर्शित हैं, इनमें इन्फोटेनमेंट सिस्टम और सीसीटीवी कैमरे लगे हैं और ट्रेन में ताजा भोजन तैयार करने के लिए एक अच्छी तरह से सुसज्जित पेंट्री कार है।

बुकिंग प्रक्रियाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए आधिकारिक IRCTC वेबसाइट www.irctctourism.com पर जा सकते हैं या पश्चिम क्षेत्र मुंबई कार्यालय 8287931886 (व्हाट्सएप या एसएमएस) से संपर्क कर सकते हैं।

हमारा लक्ष्य यात्रा को और अधिक सुलभ और आनंददायक बनाना है, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर यात्रा यादगार हो। ये पैकेज सुविधा, आराम और सामर्थ्य प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं, जिससे लोगों को श्रावण के दौरान भारत के सर्वश्रेष्ठ स्थानों को देखने का मौका मिले।

आईआरसीटीसी ने इस सर्व-समावेशी पैकेज को बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किया है, पैकेज किफायती हैं जिसमें बसों द्वारा ऑफ-बोर्ड यात्रा और भ्रमण, होटलों में ठहरने, टूर गाइड, भोजन, यात्रा बीमा आदि जैसी सेवाएँ आरामदायक ट्रेन यात्रा और संबद्ध ऑनबोर्ड सेवाओं के साथ प्रदान की जाती हैं।

# गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर श्री सत्यनारायण कथा का दिव्य आयोजन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



नवी मुंबई। गुरुपूर्णिमा के पुण्य दिवस पर नवभारत के ठाणे प्रभारी राकेश पांडेय जी के निवास पर श्री सत्यनारायण भगवान की मंगलमय कथा का आयोजन किया गया। इस पावन आयोजन में ज्योतिष सेवा केंद्र, मुंबई के संस्थापक, विख्यात ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी द्वारा विधिपूर्वक कथा संपन्न कराई गई। इस आयोजन में वरिष्ठ पत्रकार एच पी तिवारी का विशेष सहयोग रहा। पंडित जी ने श्रद्धा एवं श्रद्धाभाव से पांडेय जी के पुत्र-पुत्रवधू शुभम और खुशी को समर्पित रूप से कथा सुनाई। वैदिक मंत्रों की दिव्य ध्वनि और भक्तिपूर्ण वातावरण ने आध्यात्मिक शांति और गहन आत्मिक अनुभूति से सराबोर कर दिया। यह अनुपम अवसर गुरु महिमा की गरिमा को अनुभूत करने वाला रहा।

# कार्नेक ब्रिज का नाम बदलकर हुआ सिंदूर फ्लाइओवर, फडणवीस ने किया उद्घाटन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दक्षिण मुंबई के पूर्वी और पश्चिमी गलियारों को जोड़ने वाले पुनर्निर्मित कार्नैक ब्रिज, जिसे अब सिंदूर फ्लाईओवर कहा जाता है, का गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आधिकारिक उद्घाटन किया। इस फ्लाईओवर से दक्षिण मुंबई में पूर्व-पश्चिम यातायात प्रवाह में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

**मध्य रेल**
सोलापुर मंडल
**इंजीनियरिंग कार्य**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदये आमंत्रित करते है। **ई-निविदा सूचना क्र.: 19-2025-SrDENS, दिनांक: 10.07.2025. कार्य का नाम**: Hiring of truck of 10 MT capacity for transportation of P Way materials for 1500 kms per month for **1)** SSE/P.Way/KWV(s), SUR(N) & DUD under ADEN/SUR(T) and **2)** SSE/P.way/KLBG & SDB under ADEN/KLBG for period of 2 years under Sr.DEN/S/SUR section in Solapur division (Total 05 nos.of trucks for 10 MT capacity for period of 2 year). **अनुमानित लागत**: रु 1,22,67,697.92. **बयाना रक्कम**: रु 2,11,300/-. **समापन की अवधी**: 24 Months. **अनुरक्षण की अवधी**: NA. **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टैंडर अपलोड करणे कि अंतिम दिनांक और समय**: 31.07.2025 को 15:00 बजे तक। **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टैंडर खुलने का दिनांक और समय**: 31.07.2025 को 15:30 बजे। निविदाकारोंसे निवेदन हैं की कोई बदलाव / शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in**. पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य),
मध्य रेल, सोलापुर
DE/Sur-56

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

# दादाजी मेला के दौरान खंडवा रेलवे स्टेशन पर यात्री भीड़ का सफल प्रबंधन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



दादाजी मेला के अवसर पर खंडवा रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई। रेलवे प्रशासन द्वारा की गई पूर्व योजना और कर्मचारियों की सतर्क निगरानी के चलते भीड़ का कुशलतापूर्वक प्रबंधन किया गया और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की गई। संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी एवं समन्वय हेतु सहायक वाणिज्य प्रबंधक (टीसी) श्री पी के सिंग स्टेशन पर मौजूद थे।

### यात्रियों की आवाजाही का विवरण निम्नानुसार है:

1. गाड़ी संख्या 11072 कामायनी एक्सप्रेस

लगभग 600 यात्रियों ने खंडवा स्टेशन पर उतरकर सुरक्षित बाहर निकलने में सहयोग किया।

करीब 300 यात्रियों ने खंडवा से गाड़ी में चढ़ाई की।

सभी यात्रियों को रेलवे कर्मचारियों द्वारा सुरक्षित मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

2. गाड़ी संख्या 01091 खंडवा-सनावद मेमू

लगभग 150 यात्रियों ने खंडवा से चढ़ाई की और गाड़ी सुरक्षित रवाना हुई।

3. गाड़ी संख्या 19013 भुसावल कटनी एक्सप्रेस

लगभग 3500 यात्रियों ने खंडवा स्टेशन से चढ़ाई की।

करीब 1800 यात्रियों ने खंडवा पर उतरकर सुरक्षित बाहर निकासी की।

भीड़ नियंत्रण के लिए समुचित प्रबंध किए गए।

4. गाड़ी संख्या 19014 कटनी भुसावल एक्सप्रेस

लगभग 1500 यात्रियों ने खंडवा से चढ़ाई की।

लगभग 500 यात्री खंडवा पर उतरे और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया।

5. गाड़ी संख्या 12150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस

लगभग 350 यात्रियों ने खंडवा स्टेशन से गाड़ी में चढ़ाई की।

6. गाड़ी संख्या 51685 खंडवा बीर शटल

लगभग 1200 यात्रियों ने खंडवा से चढ़ाई की।

सुरक्षा की दृष्टि से उक्त ट्रेन को गति प्रतिबंध (स्पीड रेस्ट्रिक्शन) के कारण 45 किमी प्रति घंटा की गति से चलने हेतु सावधानी आदेश जारी किया गया था। भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा व्यवस्था एवं यात्री मार्गदर्शन हेतु टिकिट चेकिंग कर्मचारी, रेलवे सुरक्षा बल (RPF), राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) तथा स्टेशन प्रबंधन की टीमें लगातार सक्रिय रहीं। यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त हेल्प डेस्क और उद्घोषणा प्रणाली भी उपलब्ध कराई गई थी। रेलवे प्रशासन यात्रियों के सहयोग और अपने कर्मचारियों के समर्पण को सराहता है, जिन्होंने मेले के दौरान सुचारू संचालन सुनिश्चित किया।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

क्र. एई/एसडब्ल्यूएम/4314/केई, दि. 09.07.2025

लघु ई-निविदा सूचना

| | |
|---|---|
| विभाग | सहायक आयुक्त के/पूर्व |
| महाटेंडर क्र. | 2025_एमसीजीएम_1198973_1 |
| विषय | के/पूर्व वार्ड में विभिन्न उद्यानों में ओपन जिम उपकरण प्रदान करना और स्थापित करना. |
| निविदा बिक्री | 11.07.2025 को 11.00 बजे से 18.07.2025 को 16.00 बजे तक |
| वेबसाइट | https://mahatenders.gov.in |
| संपर्क व्यक्ति | एई (एसडब्ल्यूएम) के/ई, एसई (इले.) के/ई |
| नाम | श्री जीतेंद्र पाटिल, (एई (एसडब्ल्यूएम) के/ई) – 2269186700 विस्ता. – 704<br>श्री आकाश सालोखे (एसई (इलेक्ट्रिकल) के/ई) – 2269186700 विस्ता. – 722<br>दूरभाष क्र. - 022-26816722 |
| ईमेल आईडी | ae01swm.ke@mcgm.gov.in |

हस्ता./-
सहायक आयुक्त के/ई वार्ड
पीआरओ/968/विज्ञा./2025-26

जलजन्य बीमारियों से बचाव के लिये पानी उबालकर और छानकर पियें.

**मध्य रेल**
**ओएचई कार्य**

**खुली ई-निविदा संख्या: केवायएन-एलडी-585-डब्लु-753-कांट, दिनांक: 04.07.2025. कार्य का विवरण**: मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के लौजी स्टेशन के आइलैंड पीएफ और खोपोली स्टेशन के पीएफ- 1 और 2 के विस्तार के संबंध में मौजूदा ओएचई में परिवर्तन। **अनुमानित लागत**: रु. 8268881.01. **ईएमडी**: रु. 165400/-. **निविदा पपत्र का शुल्क**: रु. 0/-. **समापन अवधी**: 2 महिने। ई-निविदा जमा करने की अंतिम तिथी एवं अवधि दि. 24.07.2025 को 15:00 बजे है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा की जानकरी वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, कल्याण के सुचना पट पर उपलब्ध है।
DE-234

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

## ठाणे जिले में डायरिया रोको राष्ट्रीय अभियान का प्रभावी शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय व जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के निदेशों के अनुसार, तथा महाराष्ट्र राज्य सरकार एवं जिला परिषद ठाणे के सहयोग से, जिले में 20 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 तक एक महत्वपूर्ण जन जागरूकता अभियान डायरिया रोको अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और नागरिकों को दस्त जैसी जल जनित बीमारियों से बचाना, स्वच्छता और सुरक्षित जल पर जोर देना तथा नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पैदा करना है, उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रमोद काले ने यह जानकारी दी है। जल गुणवत्ता परीक्षणः स्कूलों, आँगनवाड़ियों, स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य संस्थानों में जल गुणवत्ता परीक्षण। प्रशिक्षण और जागरूकताः नागरिकों, सरकारी कर्मचारियों और संस्थानों को जल, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण देना। जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठकों का आयोजन आदि कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। तीसरा और चौथा सप्ताह (1 जुलाई से 15 जुलाई, 2025) से ग्राम स्तर पर जल समितियों का सशक्तिकरणः स्थानीय जल स्रोतों और स्वच्छता सुविधाओं का प्रबंधन किया जाएगा। जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता मानकों को बनाए रखने के लिए ग्रामीणों की भागीदारी शामिल की जा रही है।मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, ठाणे रोहन घुगे ने कहा है कि सभी विभाग से मिलकर समन्वय से काम कर रहे हैं और डायरिया रोको' अभियान को इस तरह सफलतापूर्वक लागू कर रहे हैं। इसका प्रभाव हर गाँव में महसूस हो, यह अभियान केवल स्वास्थ्य के बारे में नहीं है, बल्कि सुरक्षित जल, स्वच्छता और सुदृढ़ सामुदायिक विकास की एक बुनियादी जरूरत है, इसलिए सभी ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और गैर-सरकारी संगठनों को इसमें भाग लेना चाहिए।

# ठाणे मनपा कप 31वीं वार्षिक मैराथन रविवार, 10 अगस्त को सौरभ राव

### कुल पुरस्कार राशि 10 लाख 38,900 रुपये, प्रत्येक समूह के प्रथम 10 विजेताओं को पुरस्कार और कप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,ठाणे मनपा कप 31वीं वार्षिक मैराथन रविवार, 10 अगस्त को आयोजित की जा रही है। इस आशय की ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने गुरुवार को घोषणा की। 30वीं वार्षिक मैराथन प्रतियोगिता 2019 में आयोजित की गई थी। आयुक्त सौरभ राव ने कहा है कि अब, छह साल बाद, ठाणे के नागरिक देश-विदेश के मैराथन धावकों के साथ इस मैराथन में बड़े उत्साह के साथ भाग ले सकेंगे। ठाणे मनपा कप 31वीं वार्षिक मैराथन ठाणे के लिए एक बेहद प्रतिष्ठित मैराथन है। चूँकि यह मैराथन छह साल के अंतराल के बाद आयोजित की जा रही है, इसलिए सभी विभागों को बेहतर समन्वय बनाकर इस मैराथन को सफल बनाना चाहिए। पिछले छह वर्षों में शहर की संरचना और बुनियादी ढाँचे में काफी बदलाव आया है। इसे ध्यान में रखते हुए, आयुक्त राव ने कहा कि सभी मैराथन मार्गों की योजना बनाई जानी चाहिए। आयुक्त राव ने निर्देश दिया कि सभी मनपा अधिकारी इस मैराथन में भाग लें। साथ ही, आयुक्त राव ने कहा कि वे अभी से हर दिन इसकी तैयारी शुरू कर दें।

#### प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये

यह मैराथन ठाणे मनपा और ठाणे जिला एथलेटिक्स संघ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही है। पुरस्कार, कप और पदकों में 10 लाख 38,900 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रत्येक समूह के प्रथम विजेता को 1 लाख रुपये का पुरस्कार मिलेगा। इस बीच, प्रत्येक समूह के प्रथम 10 विजेताओं को पुरस्कार और कप दिए जाएंगे, आयुक्त राव ने यह भी घोषणा की। गुरुवार को, खेल विभाग ने ठाणे मनपा कप 31वीं वार्षिक मैराथन के आयोजन के संबंध में मनपा आयुक्त सौरभ राव के समक्ष एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में उपायुक्त (खेल) मीनल पलांडे ने 2019 मैराथन प्रतियोगिता की समीक्षा और 2025 की प्रतियोगिता की प्रस्तावित रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर नगर अभियंता प्रशांत सोनागरा, उपायुक्त मनीष जोशी, उमेश बिरारी, दिनेश तायडे, सचिन सांगले, उपनगरीय अभियंता विकास ढोले, विनोद पवार और शुभांगी केसवानी सहित सभी सहायक आयुक्त, कार्यकारी अभियंता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रसाद पाटिल, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे और सभी सहायक आयुक्त, कार्यकारी अभियंता उपस्थित थे।

#### मैराथन में कुल 12 समूह

ठाणे मनपा कप की 31वीं वार्षिक मैराथन प्रतियोगिता में कुल 12 समूह भाग लेंगे। राज्य स्तरीय समूह में निम्नलिखित वर्ग होंगेः ओपन समूह (महिला और पुरुष) - 21 किमी, 18 वर्ष से अधिक आयु (महिला और पुरुष) - 10 किमी, 18 वर्ष से कम आयु (लड़के और लड़कियां) - 10 किमी। जबकि, जिला स्तरीय समूह में निम्नलिखित समूह शामिल हैंः 15 वर्ष से कम आयु (लड़के और लड़कियां) - 05 किमी, 12 वर्ष से कम आयु (लड़के और लड़कियां) - 03 किमी, वरिष्ठ नागरिक (पुरुष और महिलाएं) - 500 मीटर।

#### इस वर्ष 25,000 धावकों के आने की उम्मीद

2019 में मैराथन में कुल 23,000 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। सैनिक स्कूलों, शक्ति स्कूलों और निजी स्कूलों के छात्रों ने भी इसमें भाग लिया था। उपायुक्त पलांडे ने बताया कि इस वर्ष मैराथन में लगभग 25,000 खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है। मैराथन के लिए पंजीकरण अगले सप्ताह से शुरू होगा और विभिन्न समूहों के मार्गों और विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा चरणों में की जाएगी, उपायुक्त पलांडे ने यह भी बताया।

फास्ट ट्रैक

## साइकिल सवार को बचाने में कार पलटी

### दिल्ली में चप्पल का काम करने वाले युवक की मौत, चचेरे भाई का इलाज जारी

शाहजहांपुर, एक सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक मोहम्मद तस्लीम की मौत हो गई, जबकि उसका चचेरा भाई शाहनवाज घायल हो गया। तस्लीम हरदोई जिले के पिलानी थाना क्षेत्र के नागर गांव का रहने वाला था और दिल्ली में चप्पल का काम करता था। वह ईद के मौके पर घर आया था और बुधवार को अपने भाई के साथ लखीमपुर के मोहम्मदी में एक दोस्त से मिलने जा रहा था। जैसे ही दोनों की कार उचौलिया के पास पहुंची, हाइवे पर एक साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में गाड़ी अनियंत्रित हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रही रोडवेज बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे में दोनों को गंभीर चोटें आईं। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों को तुरंत शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने तस्लीम को मृत घोषित कर दिया, जबकि शाहनवाज का इलाज चल रहा है। हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि तस्लीम 11 भाइयों में आठवें नंबर पर था और अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वह अगले हफ्ते दिल्ली लौटने वाला था, लेकिन उससे पहले ही हादसे ने परिवार से उसकी जिंदगी छीन ली। घर में कोहराम का माहौल है।



## जी.एम.मोमिन कालेज स्टडी सेंटर के एम.ए.उर्दू अंतिम वर्ष का शानदार परीक्षा परिणाम



Mohd Khuzaima (79.82%)



Baig Aqsa Riyaz (80.73%)



Ansari Farheen (79.64%)



Qureshi Alqama (79.45%)

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,यशवंत राव चौहान महाराष्ट्र ओपन यूनिवर्सिटी,नासिक द्वारा 8 जुलाई, 2025 को एम.ए. उर्दू अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम ऑनलाइन घोषित किया गया। प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान केएमई सोसायटीज जी.एम.मोमिन वीमेंस कॉलेज अध्ययन केंद्र भिवंडी का परिणाम 97.77% रहा।अध्ययन केंद्र द्वारा मई/जून 2025 में आयोजित एम.ए.उर्दू अंतिम वर्ष की परीक्षा में कुल 45 परीक्षार्थी सम्लित हुए थे। जिनमें से 44 छात्रों ने सफलताप्राप्त की।22 छात्रों ने विशेष योग्यता के साथ और 22 छात्रों नें प्रथम स्थान में सफलता प्राप्त की। सराहनीय सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों में बेगअक्सा रियाज अहमद 80.73% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया।मुहम्मद खुजैमा हिजाजी मुहम्मद तल्हा ने79.82%अंकों के साथ दूसरा स्थान, अंसारी फरहीन नियाज अहमद 79.64% अंकों के साथ तीसरा स्थान, कुरैशी अलकमा बानो मुहम्मद अकरम ने 79.45% अंकों के साथ चौथा स्थान, अंसारी नेहा परवीन फैयाज अहमद79.36% अंकों के साथ पांचवां स्थान,शहर बानो मुहम्मद अख्तर 79% अंक प्राप्त कर छठा स्थान, अंसारी स्नेहा मुमताज अहमद 78.95%अंकों के साथ सातवां स्थान,मोमिन सानिया परवेज अहमद78.18% अंकों के साथ आठवां स्थान,अंसारी अर्शिया फिरदौस सदरुद्दीन78.05% अंकों के साथ नौवां स्थान और खान माहे नूर बानो मुश्ताक अहमद ने 77.55% अंक प्राप्त कर दसवां स्थान हासिल किया। छात्रों के इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी,कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे,रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के चेयरमैन यासर तातली,प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी,सेंटर इंचार्ज सफा आगा,समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और समस्त स्टाफ सदस्यों नें सफल छात्रों और उनके अध्यापकों को बधाई दी है।

## विधवा की जमीन पर देवरों का कब्जा

### रायबरेली में महिला को न्याय के लिए भटकना पड़ रहा, पुलिस मौन

रायबरेली, ऊंचाहार में एक विधवा महिला न्याय के लिए संघर्ष कर रही है। पूरे गुलाब मजरे कंदरावाँ गाँव की रहने वाली रुबीना बानो ने अपने देवरों पर जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। रुबीना के पति मोहम्मद जुबैर की मृत्यु के बाद उन्हें ससुर की भूमि के बंटवारे में सड़क किनारे की जमीन मिली थी। उनके दो देवर इस जमीन पर अवैध निर्माण करवा रहे हैं। पीड़िता के अनुसार, शुरू में पुलिस ने निर्माण कार्य रोका, लेकिन बाद में उनके देवरों ने पुलिस से मिलकर निर्माण फिर शुरू कर दिया। विरोध करने पर देवर मारपीट की धमकी देते हैं। थाने में शिकायत का कोई नतीजा नहीं निकला। रुबीना ने गुरुवार को एसडीएम से मिलकर मदद मांगी।

एसडीएम राजेश कुमार श्रीवास्तव ने हल्का लेखपाल को मौके पर भेजकर जांच करवाने का आश्वासन दिया है। कोतवाल संजय कुमार ने कहा कि यह मामला राजस्व विभाग से जुड़ा है।

## विकास के नाम सड़क पर फैला कीचड़ लोगों के लिए बना संकट

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , शहर में चल रहे विकास कार्यों ने ठाणे वासियों के लिए काफी परेशानी खड़ी कर दी है। जगह-जगह चल रहे निर्माण कार्यों से निकलने वाली मिट्टी का उचित परिवहन न होने के कारण सड़कों पर भारी मात्रा में कीचड़ जमा हो रहा है। खासकर कोलशेत रोड जैसी व्यस्त सड़कों पर कीचड़ की एक परत जम गई है, जिससे वाहन चालकों का सफर खतरनाक हो गया है। नागरिकों द्वारा इस समस्या की कई बार शिकायत करने के बावजूद, प्रशासन उदासीन है। डंपरों के पहिये सड़क पर कीचड़ फैला देते हैं, बारिश में सड़क कीचड़ में बदल जाती हैं और दोपहिया वाहन चालकों को सचमुच अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करना पड़ रहा है। यह सब रोज देखने के बावजूद, मनपा के अधिकारी चुप हैं। इस पृष्ठभूमि में, ठाणे कांग्रेस प्रवक्ता राहुल पिंगले ने प्रशासन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने पूछा, प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। क्या हमें दुर्घटना होने तक इंतजार करना चाहिए? उन्होंने ठाणे मनपा से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और डेवलपर्स के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करने का भी समर्थन किया है। कोलशेत रोड पर कुछ डेवलपर्स नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और सार्वजनिक सड़कों पर मिट्टी, पत्थर और कीचड़ डालकर यातायात बाधित कर रहे हैं। इससे निवासियों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। कुछ जगहों पर दुर्घटनाएँ होने की भी संभावना है।ठाणे कांग्रेस ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है और जल्द से जल्द कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। नागरिकों ने भी इस पर कड़ी नाराजगी जताई है और सीधा सवाल पूछा जा रहा है, अगर विकास कार्य चल भी रहे हैं, तो लोगों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी कौन लेगा?

## एक तरफ वृक्षारोपण, दूसरी तरफ उखाड़कर फेंके

### एक व्यक्ति ने नए लगे पौधे उखाड़े, विरोध पर दी कुल्हाड़ी से काटने की धमकी

शाहजहांपुर, एक व्यक्ति द्वारा सड़क किनारे लगाए गए पेड़ों को उखाड़ने का मामला सामने आया है। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। थाना सदर बाजार क्षेत्र के दिलाजाक निवासी अरशद खां और सुबेजर ने बुधवार शाम को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत कैंट की खाली जमीन पर कुछ पेड़ लगाए। पुलिस बाउंड्री के पास लगाए गए इन पेड़ों को मोहल्ले के एक व्यक्ति ने उखाड़ना शुरू कर दिया। आरोपी ने न केवल नए लगाए गए पौधे उखाड़े, बल्कि पुराने पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया। जब वृक्षारोपण करने वालों ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उनसे मारपीट की धमकी दी। पीड़ित द्वारा समझाने का प्रयास करने पर आरोपी ने कहा कि अगर दोबारा पेड़ लगाए तो कुल्हाड़ी से काट देगा। पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना उस समय हुई जब शहर के विभिन्न हिस्सों में वृक्षारोपण अभियान चल रहा था।



## गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर उल्हासनगर के ब्रह्मकुमारी आश्रम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया

### आमदार कुमार आयलानी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधारिया ने लिया गुरु दीदी से आशीर्वाद।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



उल्हासनगर. गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व पूर्ण श्रद्धा, भक्ति भाव से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा प्रतिवर्ष हिंदू पंचांग के आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को मनाया जाता है। यह पर्व गुरु के प्रति सम्मान, आदर, श्रद्धा भाव के रूप में मनाया जाता है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर उल्हासनगर क्रमांक 2 स्थित ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आश्रम में एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय आमदार कुमार आयलानी तथा भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वधारिया ने अपनी उपस्थित दर्ज कर गुरु दीदी से आध्यात्मिक आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी आश्रम की आदरणीय दीदी जी ने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु की महिमा, ध्यान और आत्मचिंतन द्वारा गुरु के ज्ञान और मार्गदर्शन को आत्मसात करके अपने जीवन में उतारने पर बल दिया। दान पुण्य और परसेवा में अपना जीवन व्यतीत करने और आध्यात्मिक जीवन में गुरु के योगदान पर विस्तृत चर्चा की गई। उक्त कार्यक्रम में भाजपा के लीलाधर भावसार, रघुनाथ ओव्हलेकर, एवं अन्य अनेक गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने आश्रम की सेवाओं एवं आध्यात्मिक वातावरण की सराहना की और उपस्थित श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह आयोजन न केवल श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत रहा, बल्कि समाज में आध्यात्मिक जागरूकता और गुरुओं के प्रति सम्मान की भावना को भी प्रगाढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

## ट्रांसफार्मर मरम्मत के दौरान हादसा

### बिना सुरक्षा उपकरण के काम कर रहे संविदा लाइनमैन को लगा करंट, बरेली रेफर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक संविदा लाइनमैन ट्रांसफार्मर की मरम्मत के दौरान करंट से झुलस गए। गौस नगर मोहल्ले में ट्रांसफार्मर ठीक कर रहे ज्ञानेंद्र सिंह को तत्काल बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति अभी नाजुक बनी हुई है। घायल लाइनमैन के भाई शैलेंद्र सिंह ने बताया कि घटना के चार दिन बाद भी बिजली विभाग की ओर से कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है। इससे परिवार इलाज के खर्च को लेकर परेशान है। स्थानीय लोगों के मुताबिक घटना के समय कोई सुरक्षा उपकरण मौजूद नहीं था। बिजली विभाग के अधिकारियों ने न तो सुरक्षा मानकों का पालन करवाया और न ही हादसे के बाद इलाज में कोई सहयोग किया। परिजनों और स्थानीय निवासियों ने बिजली विभाग के इस रवैये पर नाराजगी जताई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि लाइनमैन के इलाज के लिए तत्काल मदद दी जाए। साथ ही विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

## गुरु पूर्णिमा पर तिलहर में विशेष आयोजन

### भाजपा ने संतों, कथावाचकों और पुजारियों का किया सम्मान, राज्यसभा सांसद रहे मौजूद

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, तिलहर विकासखंड सभागार में भाजपा ने गुरु पूर्णिमा पर साधु संतों और कथावाचकों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा और राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा ने कहा कि भाजपा ने हमेशा भारतीय संस्कृति और साधु संतों का साथ दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी भी दी। राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार ने कोरोना काल का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने कोरोना वैक्सीन विकसित की। यह वैक्सीन न केवल भारतीयों को मुफ्त लगाई गई, बल्कि 220 देशों को भी दी गई। कार्यक्रम में संत हरिदास, महेश चंद्र, राधे जी, रामनाथ समेत कई संतों का सम्मान किया गया।

## अलग-अलग सड़क हादसे से 4 लोगों की मौत

### रोडवेज बस से कार चालक को रौंदा, पिकअप ने युवक को मारा टक्कर

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गयी। दो लोगों की मौत घटनास्थल पर हुई। दो लोगों की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पीलीभीत के भुहिता गांव के 40 वर्षीय कार ड्राइवर राजपाल जालौन से यात्रियों को छोड़कर लौट रहे थे। तिलहर के खैरपुर के पास रोडवेज बस से टक्कर में उनकी मौके पर मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि हादसे की जानकारी पुलिस ने दी थी। राजपाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। तिलहर के कपसेड़ा गांव के 27 वर्षीय रजनीश क्लिनिक से दवा लेकर लौट रहे थे। रोड किनारे कच्चे रास्ते पर खड़े रजनीश को पिकअप ने टक्कर मार दी। वही मौके पर ही रजनीश की मौत हो गयी। तिलहर के भेदपुर निवासी 50 वर्षीय राम छबीले 5 जुलाई की शाम पैदल घर लौट रहे थे। कार की टक्कर से घायल होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज से बरेली रेफर किया गया। वहां इलाज दौरान उनकी मौत हो गई। कांट के हुसैनपुर माधवपुर के 60 वर्षीय राजेंद्र 3 जुलाई को हरदोई से घरेलू सामान खरीदकर पिपरिया पुल से पैदल लौट रहे थे। बाइक की टक्कर से गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को भी बरेली रेफर किया गया। इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

# डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

### एमपी का युवक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा, हांगकांग और सिंगापुर जुड़े तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले गैंग के एक और सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजा सेन उर्फ रियो मध्य प्रदेश के ऐशबाग कालोनी का रहने वाला है। वह केवल दसवीं कक्षा तक पढ़ा है। यह मामला चौक कोतवाली क्षेत्र के शरदचंद्र से जुड़ा है। आरोपियों ने उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर 1 करोड़ 4 लाख रुपए की ठगी की थी। ठगों ने खुद को सीबीआई चीफ और सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस बताया था। पुलिस ने रोजा के दियूरिया मोड़ से 21 वर्षीय आरोपी को पकड़ा। उसके पास से आईफोन 16 प्रो मैक्स, सैमसंग मोबाइल, दो एटीएम कार्ड, 2150 रुपए नकद, एक पैन कार्ड और चार सिम कार्ड बरामद हुए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह कई टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ा था। वह गूगल ट्रांसलेट की मदद से अंग्रेजी समझता था। उसका काम हाई लिमिट के करंट और कॉर्पोरेट अकाउंट्स को टेलीग्राम ग्रुप में शेयर करना था। इसके बदले उसे क्रिप्टो वॉलेट में यूएसडीटी के रूप में कमीशन मिलता था।

पुलिस का मानना है कि इस गैंग के तार हांगकांग और सिंगापुर समेत कई देशों से जुड़े हो सकते हैं। इससे पहले पुलिस इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस आरोपी को कोर्ट में पेश करने की तैयारी कर रही है।

## नाराज ग्रामीणों का एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, ग्राम गुर गांव में बिजली आपूर्ति की समस्या को लेकर स्थानीय युवाओं ने एसडीएम प्रभात राय को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले 8 दिनों से गांव में बिजली नहीं आ रही है। बिजली विभाग के एसडीओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए युवाओं ने कहा कि वे फोन नहीं उठाते। इतना ही नहीं, गांव के करीब 50 लोगों के फोन नंबर ब्लैक लिस्ट में डाल दिए गए हैं। बिजली न होने से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। किसान खेती का कार्य नहीं कर पा रहे हैं। मोबाइल फोन भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीओ और जेई अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। लाइनमैन फॉल्ट बताकर काम से बचता है। एसडीएम से बिजली विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई और बिजली आपूर्ति शुरू करने की मांग की गई है। युवाओं ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर जिलाधिकारी को ज्ञापन देंगे। ज्ञापन देने वालों में अभिषेक सिंह, विपिन सिंह, राहुल चौहान, प्रियांशु शुक्ला, मोहित श्रीवास्तव, अक्षय परमार, अनुज सिंह, कृतिका पांडेय, शोभित मिश्रा और विनीत कुमार दीक्षित शामिल थे।


### भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# रूस ने यूक्रेन पर 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागी

## दो की मौत, 16 घायल; राजधानी कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग-गाड़ियों में आग लगी

एजेंसी

कीव, रूस ने गुरुवार सुबह यूक्रेन पर रात भर में लगभग 400 ड्रोन और 18 मिसाइलें दागीं। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया है कि रूसी हमले में दो लोगों की मौत हो गई और 16 घायल हो गए। जेलेंस्की ने बताया कि इस हमले का मुख्य निशाना राजधानी थी। घटना के समय ज्यादातर लोग अपने घरों में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि कीव में रेजिडेंशियल बिल्डिंग्स, गाड़ियां, गोदाम, ऑफिस और गैर-आवासीय इमारतें जल गईं। कीव में एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग की छत पर ड्रोन का मलबा गिरने से आग लग गई। इसकी रोशनी पूरे शहर में दिखाई दी। रूस ने कीव के 8 जिलों को निशाना बनाया था। गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको ने बताया कि कीव में एक मेट्रो स्टेशन पर 68 साल एक महिला और 22 साल के एक पुलिस अधिकारी की मौत हुई है।



कीव के पोडिल्स्की जिले में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पूरी तरह तबाह हो गया। यूक्रेन एयरफोर्स ने रात में अचानक हमले से पहले कई इलाकों में रूसी ड्रोन हमलों का अलर्ट भेज दिया था। लोगों से सायरन बजने तक सुरक्षित जगहों पर रहने और अपने घरों में लौटने पर खिड़कियां बंद रखने की अपील की गई थी। रूसी सेना ने इस ताजा हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। रूस ने दो दिन पहले यूक्रेन पर 728 ड्रोन-13 मिसाइलें दागीं रूस और यूक्रेन के बीच 3 साल से ज्यादा समय से जंग जारी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर मिलिट्री ऑपरेशन का ऐलान किया था।

तब से, दोनों देश एकदूसरे पर हमले कर रहे हैं। यूक्रेन ने 8 जुलाई को दावा किया था कि रूस ने उस पर अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला किया था। मंगलवार को हमले में रूस ने यूक्रेन के कई शहरों में 728 ड्रोन और 13 बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं। इससे पहले यूक्रेन में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार निगरानी मिशन (एचआरएमएमयू) ने बताया कि इस साल जून में यूक्रेन में पिछले तीन सालों में सबसे ज्यादा 232 लोग मारे गए और 1,343 घायल हुए।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, जून, 2025 में रूस ने यूक्रेन के खिलाफ जून, 2024 की तुलना में दस गुना ज्यादा मिसाइलें और गोला-बारूद से हमले किए। जेलेंस्की ने रूस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की रूस के ताजा हमले के बाद राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सहायक देशों से रूस पर तेजी से नए प्रतिबंध लगाने की मांग की है। जेलेंस्की गुरुवार को रोम में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जहां रूस पर नए प्रतिबंधों पर चर्चा होगी। यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि इस बैठक में यूक्रेन के पुनर्निर्माण पर ध्यान दिया जाएगा। इससे पहले यूरोपीय संघ (ईयू) ने 20 मई को रूस पर कई प्रतिबंध लगाए थे।

# खामेनेई के सलाहकार की ट्रम्प को ड्रोन हमले की धमकी

## कहा- धूप सेंकते समय माइक्रो-ड्रोन नाभि पर गिर सकता है, ट्रम्प बोले- धूप सेकना पंसद नहीं

एजेंसी

वॉशिंगटन/ तेहरान, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने 8 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर ड्रोन हमले की चेतावनी दी। लारीजानी ने एक टी.वी चर्चा के दौरान हंसते हुए कहा- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को अपने मार-ए-लागो रिसॉर्ट में धूप सेंकते समय एक माइक्रो-ड्रोन निशाना बना सकता है। वहीं, ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस में इस बारे में पूछे जाने पर कहा- मुझे धूप सेकना पंसद नही, शायद आखिरी बार मैंने 7 साल की उम्र में धूप में बैठा था। ट्रम्प बोले वो



इस बयान को बड़े खतरे के तौर पर नहीं देखते। लारीजानी के इस बयान को लेकर स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में ₹ब्लड पैक्ट₹ नामक एक ऑनलाइन क्राउड फंडिंग अभियान से जुड़े होने का दावा किया। ये अभियान खामेनेई का अपमान करने वालों के खिलाफ बदला लेने के लिए फंड जुटा रहा है। जिसके बारे में दावा किया गया है कि 8 जुलाई तक इसने 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि जुटा ली है। अमेरिका ने 22 जून को ईरान के 3 परमाणु ठिकानों पर हमला किया था। ये ठिकाने फोर्डो, नतांज और इस्फहान हैं। हमला भारतीय समयानुसार रविवार सुबह 4:30 बजे हुआ। ईरान पर हमले के करीब 13 घंटे बाद अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने हमले की डिटेल दी है। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डैन केन ने बताया कि इस मिशन में 125 एयरक्राफ्ट शामिल थे। इस ऑपरेशन में 7 बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स ने हिस्सा लिया, जिन्होंने ईरान के फोर्डो और नतांज न्यूक्लियर ठिकानों पर 13,608 किलो वजनी बस्टर बम गिराए। इजराइल-ईरान के बीच हुए संघर्ष में 657 ईरानी लोग मारे गए थे। अमेरिका स्थित ह्यूमन राइट्स एक्टिविस्ट्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, ईरान में 13 जून से अब तक 657 लोगों की मौत हुई है और 2000 से ज्यादा घायल हुए थे। हालांकि ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सिर्फ 430 नागरिकों के मारे जाने और 3,500 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। वहीं, इजराइल में 21 जून तक 24 लोग मारे गए, जबकि 900 से ज्यादा घायल हुए थे।

# शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मामला चलेगा

## प्रदर्शन कर रहे 1400 लोगों की हत्या का आरोप; बांग्लादेश के पूर्व पुलिस प्रमुख ने जुर्म कबूला

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर गुरुवार को बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल (आईटीसी) ने मानवता के खिलाफ अपराध के मामले में आरोप तय किए। हसीना के अलावा देश के पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व आईजीपी चौधरी अब्दुल्लाह अल मामून को सह-आरोपी बनाया गया है। मुकदमे की सुनवाई 3 अगस्त से शुरू होगी। बीडीन्यूज24 समाचार पोर्टल के अनुसार, मामून ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है, और मामले में सरकारी गवाह बनने के लिए याचिका दायर की है। मामून फिलहाल जेल में हैं, ये मुकदमा बाकी दो आरोपियों की गैर मौजूदगी में चलेगा। आईटीसी में हसीना के खिलाफ अब तक 5 मामले दर्ज किए हैं। इसमें 1400 लोगों की हत्या, भीड़ को उकसाना और सरकारी ताकतों का गलत इस्तेमाल शामिल हैं। अगस्त, 2024 में तख्तापलट के बाद से हसीना भारत में रह रहीं हैं। क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने 6 जनवरी, 2025 को 11 और लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। बांग्लादेश में 5 जून, 2024 को बांग्लादेश हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था।



हालांकि, हसीना सरकार ने यह आरक्षण बाद में खत्म कर दिया था। नाराज छात्रों ने हसीना के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज कर दिए थे। बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए थे। इस हिंसा के दौरान लगभग 1,400 नागरिक मारे गए थे, जिसके लिए शेख हसीना को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस हिंसा में मरने वाले ज्यादातर छात्र थे। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, और भारत आ गई थी। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया था। अदालत की अवमानना मामले में हसीना को 6 महीने जेल की सजा हालांकि, हसीना पिछले 11 महीने से भारत में हैं। 2 जुलाई को आईटीसी ने अदालत की अवमानना के मामले में हसीना को छह महीने जेल की सजा सुनाई थी। बांग्ला अखबार द डेली स्टार के मुताबिक, ट्रिब्यूनल ने हसीना और एक स्थानीय नेता शकील बुलबुल के बीच हुई फोन बातचीत की जांच करने के बाद यह फैसला सुनाया। यह बातचीत पिछले साल सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी और कई अखबारों ने भी इसे छापा था। इस कथित ऑडियो क्लिप में शेख हसीना को यह कहते सुना गया कि उनके खिलाफ 227 मुकदमे दर्ज हैं, इसलिए उन्हें 227 लोगों को मारने का लाइसेंस मिल गया है। हसीना के पीएम पद छोड़ने के बाद अधिकारियों से फोन पर बातचीत के उनके कई ऑडियो लीक हुए हैं।

# मलेशिया में पुलिस का हेलिकॉप्टर सीधे नदी में गिरा

## टेक ऑफ के कुछ मिनट बाद तकनीकी खराबी आई; पांचों क्रू मेंबर बचाए गए

एजेंसी

कुआलालंपुर, मलेशिया के जोहोर राज्य में बुधवार सुबह एक पुलिस हेलिकॉप्टर आपात लैंडिंग के दौरान सीधे नदी में जा गिरा। यह हादसा सुंगाई पुलाई इलाके में हुआ। उस वक्त हेलिकॉप्टर नियमित सैन्य अभ्यास में शामिल था। हेलिकॉप्टर में सवार पांचों क्रू मेंबर को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सभी घायल अफसरों को जोहोर बारू के सुल्ताना



अमीना अस्पताल में भर्ती कराया गया। मलेशिया की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने कहा है कि हादसे की जांच एयर एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो करेगा। मलेशिया के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के मुताबिक, हेलिकॉप्टर ने सुबह 9:51 बजे तंजुंग कुपांग पुलिस स्टेशन से उड़ान भरी थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में तकनीकी गड़बड़ी के कारण इसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह लैंडिंग नदी में जाकर हुई। नदी में गिरने के तुरंत बाद समुद्री पुलिस बल ने सभी पांचों क्रू मेंबर्स को बचाया और उन्हें पास के मलेशियाई समुद्री प्रवर्तन एजेंसी जेटी पर लाया गया। इसके बाद सभी को इलाज के लिए भेजा गया। इस हादसे में कोई जान नहीं गई, लेकिन मलेशियाई नागरिक उड्डयन नियामक ने इसे गंभीर विमानन घटना मानते हुए जांच शुरू कर दी है। हादसे का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर फ्रांस में निर्मित एयरबस एएस355एन मॉडल था। यह एक लाइट यूटिलिटी सिंगल-रोटर हेलिकॉप्टर है। इसका प्रोडक्शन 1975 से 2016 तक हुआ था और इसका उपयोग दुनियाभर में सुरक्षा बलों, प्राइवेट चार्टर और कॉर्पोरेट सेवाओं द्वारा किया जाता है।

# शशि थरूर ने लोकतंत्र काले अध्याय को किया याद, क्या कांग्रेस पर किया कटाक्ष? कहा- आपातकाल एक सबक है



एजेंसी

आपातकाल की तीखी आलोचना करते हुए एक लेख में, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह लेख दशार्ता है कि स्वतंत्रता का हनन कैसे होता है और इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे दुनिया ₹मानवाधिकारों के हनन की भयावह सूचीₒ से अनजान रही। प्रोजेक्ट सिंडिकेट द्वारा प्रकाशित इस लेख में, थरूर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सत्तावादी दृष्टिकोण ने सार्वजनिक जीवन को भय और दमन की स्थिति में धकेल दिया। साथ ही, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आज का भारत ₹1975 का भारत नहीं है₹। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि आपातकाल को भारत के इतिहास में काले अध्याय के रूप में ही याद नहीं किया जाना चाहिए बल्कि इससे मिले सबक को पूरी तरह से समझा जाना चाहिए और लोकतंत्र के प्रहरियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए। मलयालम दैनिक दीपिका में बृहस्पतिवार को आपातकाल पर प्रकाशित एक लेख में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य ने 25 जून 1975 से 21 मार्च 1977 के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल के काले दौर को याद किया और कहा कि अनुशासन और व्यवस्था

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा है कि आपातकाल को भारत के इतिहास में काले अध्याय के रूप में ही याद नहीं किया जाना चाहिए बल्कि इससे मिले सबक को पूरी तरह से समझा जाना चाहिए और लोकतंत्र के प्रहरियों को हमेशा सतर्क रहना चाहिए।**

के लिए किए गए प्रयास अक्सर क्रूरतापूर्ण कृत्यों में बदल जाते हैं जिन्हें उचित नहीं ठहराया जा सकता था। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने लिखा, इंदिरा गांधी के पुत्र संजय गांधी ने जबरन नसबंदी अभियान चलाया जो इसका एक संगीन उदाहरण बन गया। पिछड़े ग्रामीण इलाकों में मनमाने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए हिंसा और बल का इस्तेमाल किया गया। नयी दिल्ली जैसे शहरों में झुग्गियों को बेरहमी से ध्वस्त कर उनका सफाया कर दिया गया। हजारों लोग बेघर हो गए। उनके कल्याण पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हल्के में लिया जाए, यह एक अनमोल विरासत है जिसे निरंतर पोषित और संरक्षित किया जाना चाहिए। थरूर ने कहा, यह सभी को हमेशा याद दिलाता रहे। थरूर के अनुसार, आज का भारत 1975 का भारत नहीं है। उन्होंने कहा, हम ज्यादा आत्मविश्वासी, ज्यादा विकसित और कई मायनों में ज्यादा मजबूत लोकतंत्र हैं।

# दिल्ली-एनसीआर में बाढ़ के हालात, गाड़ियां तैरीं

## नागपुर में घरों में पानी घुसा, रुद्रप्रयाग में पहाड़ टूटा; बारिश-तबाही की

**मेरठ में जलभराव के खिलाफ मुनादी, 10 शहरों में जोरदार बारिश**

**मौसम विभाग ने आज 44 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बिजली गिरने की भी संभावना जताई है। राज्य के मेरठ के मोहम्मदपुर भूनी गांव में जलभराव से परेशान लोग पानी में उतर गए। उन्होंने मुनादी कराकर विरोध जताया। इस दौरान ढोल भी बजाया।**




एजेंसी

नई दिल्ली , दिल्ली-एनसीआर में बीते 12 घंटे से तेज बारिश जारी है। बुधवार शाम हुई बारिश के बाद दिल्ली और गुरुग्राम की सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात हैं। गाड़ियां पानी में तैरती नजर आईं। कई इलाकों में लोग तक पानी में डूब गए। घरों में पानी भर गया है। वहीं उत्तराखंड में बारिश के चलते कई जगहों में लैंडस्लाइड हुई है। रुद्रप्रयाग में बद्रीनाथ रोड पर पहाड़ टूट गया। आगे फोटोज में बारिश, बाढ़, लैंडस्लाइड और तबाही की देखिए... मध्य प्रदेशः बस-कार पानी में बहे मध्य प्रदेश के मंडला, नरसिंहपुर, उमरिया, शिवपुरी, जबलपुर, रीवा, शहडोल-सागर में बाढ़ के हालात हैं। बीते 24 घंटे से प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज मध्य प्रदेश के 14 जिलों में बारिश का ऑरेंज और 22 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंडः चारधाम यात्रा रोकी गईउत्तराखंड में मानसून सीजन में अब तक 22% से ज्यादा बारिश हुई है। राज्यभर के अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड की घटनाएं हुईं। सड़कें बंद को गईं। इसके चलते चारधाम यात्रा लगभग रोक दी गई है। बुधवार को रुद्रप्रयाग से बद्रीनाथ जाने वाले रूट पर लैंडस्लाइड हो गई। सड़क पर गाड़ियों की आवाजाही बंद है। फिलहाल पहाड़ के मलबे को हटाने का काम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों तक उत्तराखंड में बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। नागपुर में तेज बारिश, 71 गांव का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा महाराष्ट्र के नागपुर में तेज बारिश के कारण 71 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूटा गया। बोरगांव में 35 साल का युवक उफनते नाले में बह गया। उप्पलवाड़ी में भी 18 साल के लड़के की मौत हुई। नागपुर जिले के सभी स्कूल 9 जुलाई तक बंद हैं। राज्य में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण 208 सड़कें बंद हो गई हैं, जिनमें पंजाब के अटारी को लद्दाख के लेह से जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-3 का मंडी-धरमपुर खंड भी शामिल है। अकेले मंडी में 30 जून और 1 जुलाई की रात को बादल फटने, अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की 10 घटनाओं में 15 लोगों की मौत हो गई थी, 134 सड़कें बंद हो गईं।

# हरियाणा के शहीद पायलट को बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

## पत्नी ने एक महीने के बेटे के साथ अंतिम दर्शन किए; जय हिंद के नारे लगाए

एजेंसी

रोहतक , हरियाणा में रोहतक के शहीद पायलट लोकेंद्र सिंह सिंधु (32) गुरुवार (10 जुलाई) को पंचतत्व में विलीन हो गए। सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े भाई ज्ञानेंद्र सिंधु ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम विदाई देने पहुंचे लोगों ने जय हिंद के नारे लगाए। लोकेंद्र कल (9 जुलाई) राजस्थान के चुरू में जगुआर फाइटर जैट क्रैश में को-पायलट समेत शहीद हो गए थे। गुरुवार को करीब 6 बजे उनकी पार्थिव देह घर पहुंची। जिसके बाद पत्नी डॉ. सुरभि ने एक महीने के बेटे के साथ शहीद पति के अंतिम दर्शन किए। इसके बाद श्मशान घाट में वायुसेना ने उन्हें तिरंगा और कैप सौंपी, जिसे सुरभि ने माथे से लगाया।



इससे पहले शहीद के बड़े भाई ज्ञानेंद्र बहन अंशी का हाथ पकड़कर कहते रहे कि लोकेंद्र को स्माइल के साथ अंतिम विदाई देंगे। लोकेंद्र एयरफोर्स में पायलट के तौर पर भर्ती हुए थे, लेकिन अब स्क्वॉड्रन लीडर थे। शादी के साढ़े 4 साल बाद एक महीने पहले ही 10 जून को वह बेटे के पिता बने थे। शहीद होने से पहले उन्होंने वीडियो कॉल पर बेटे का चेहरा देखा था।

# पंजाब सीएम मान और केजरीवाल के खिलाफ पुलिस शिकायत

**आधिकारिक एक्स हैंडल पर 25 जून को दोपहर 3.13 बजे पोस्ट किए गए मूल वीडियो में विधायक गनीव कौर के आवास पर छापेमारी के दौरान पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के कथित दुर्व्यवहार की आलोचना की गई थी। उन्होंने कहा कि मैंने उनके आचरण की अनुचितता, खासकर एक महिला विधायक के खिलाफ, को उजागर किया।**

## कांग्रेस नेता बाजवा ने वीडियो से छेड़छाड़ के आरोप लगाए

एजेंसी

कांग्रेस नेता और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अन्य आप नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने के लिए एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो साझा करने के आरोप में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। अपनी शिकायत में बाजवा ने कहा कि आप पदाधिकारियों ने उन्हें बदनाम करने के लिए संपादित क्लिप प्रसारित की है।



उन्होंने कहा कि मैं यह शिकायत अरविंद केजरीवाल, भगवंत मान, हरपाल चीमा, अमन अरोड़ा और उनके सहयोगियों के खिलाफ मुझे बदनाम करने के इरादे से एक छेड़छाड़ किया हुआ वीडियो बनाने और प्रसारित करने के लिए एफआईआर दर्ज करने का अनुरोध करने के लिए प्रस्तुत कर रहा हूं। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेताओं ने वीडियो को संपादित करके गनीव कौर के सभी संदर्भ हटा दिए और यह झूठा दिखावा किया कि वे शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया का बचाव कर रहे थे, जो वर्तमान में कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। आधिकारिक एक्स हैंडल पर 25 जून को दोपहर 3.13 बजे पोस्ट किए गए मूल वीडियो में विधायक गनीव कौर के आवास पर छापेमारी के दौरान पंजाब विजिलेंस ब्यूरो के कथित दुर्व्यवहार की आलोचना की गई थी। उन्होंने कहा कि मैंने उनके आचरण की अनुचितता, खासकर एक महिला विधायक के खिलाफ, को उजागर किया। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि आप नेताओं ने वीडियो को संपादित करके गनीव कौर के सभी संदर्भ हटा दिए और यह झूठा दिखावा किया कि वे शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया का बचाव कर रहे थे, जो वर्तमान में कानूनी कार्यवाही का सामना कर रहे हैं। बाजवा ने कहा कि इसके बाद आप नेताओं ने मेरी छवि खराब करने और जनता को गुमराह करने के लिए इस छेड़छाड़ किए गए

## संक्षेप

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट पर पुलिस ने बिरसिंहपुर से पकड़ा**

सुलतानपुर, जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव से पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त अमन सिंह पुत्र स्व. जंग बहादुर सिंह पर हत्या और जानलेवा हमले के आरोप हैं। अपर जिला सत्र न्यायाधीश की अदालत से जारी गैर-जमानती वारंट के आधार पर कार्रवाई की गई। बिरसिंहपुर चौकी प्रभारी प्रेम नारायण राजपूत और कांस्टेबल गौतेंद्र यादव ने गुरुवार को दबिश देकर आरोपी को पकड़ा। अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। जयसिंहपुर कोतवाल सत्येन्द्र कुमार सिंह के अनुसार, आरोपी के विरुद्ध जयसिंहपुर कोतवाली और कोतवाली देहात में कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस टीम की सक्रियता से यह गिरफ्तारी संभव हुई।

### पर्यावरण के लिए अनूठी पहल

**वरिष्ठ पत्रकार ने पेड़ लगाकर मनाया जन्मदिन**

सुलतानपुर, वरिष्ठ पत्रकार और सहाई एसपी सेवा संस्थान के कोर कमेटी सदस्य राजदेव यादव ने अपना जन्मदिन एक अनोखे तरीके से मनाया। उन्होंने जन्मदिन के अवसर पर अमरूद का पौधा लगाया। राजदेव यादव ने इस मौके पर एक संदेश दिया। उन्होंने कहा, धरती का अब करो श्रृंगार, अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाओ सब दो चार। उनका मानना है कि वृक्षारोपण से न सिर्फ पर्यावरण को लाभ होगा। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। इनमें शिवाकांत मिश्र, प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे, गुडलक सिंह, राममूर्ति गुप्ता और इंद्रजीत शामिल थे। अभय प्रताप सिंह, पवन कुमार, शिवशंकर चौधरी, जगध्यान यादव और बब्बन वर्मा भी मौजूद रहे। आकाश यादव, ऋचा यादव, उर्मिला देवी और लल्लन प्रसाद सहित अन्य शुभचिंतकों ने भी राजदेव यादव को बधाई दी।

### भाजपा विधायक ने गुरु को किया सम्मानित

**सकरसी में गुरु दक्षिणा कार्यक्रम, बाबा कंघइया दास को भेंट किया अंगवस्त्र**

सुलतानपुर, भदैयां के सकरसी गांव स्थित बाबा गुदुरी दास कुटी मंदिर में गुरुवार को गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाजपा मंडल कंघईपुर के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की देखरेख मंडल अध्यक्ष डॉ. राममूर्ति वर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा विधायक सीताराम वर्मा ने बाबा कंघइया दास को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है। गुरु ही हमें ज्ञान और अनुशासन की सीख देते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु द्वारा शिक्षित बच्चे आज विभिन्न क्षेत्रों में देश की सेवा कर रहे हैं।

# गंगा-यमुना का जलस्तर बढ़ा

**प्रयागराज में 4 घंटे में गंगा में 8 और यमुना में 4 सेमी की वृद्धि, गऊघाट पुल तक पहुंच रहा पानी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, मानसून के प्रभाव से गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर प्रयागराज में धीरे-धीरे बढ़ रहा है। गुरुवार, 10 जुलाई 2025 को शाम 4 बजे तक की जल आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों नदियों में जलस्तर में संतुलित और नियमित बढ़ोतरी दर्ज की गई है। प्रशासनिक रिकॉर्ड के मुताबिक, प्रयागराज जनपद में बाढ़ का खतरे का स्तर 84.734 मीटर निर्धारित है। इस समय गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ में 78.96 मीटर और छतनाग में 78.06 मीटर दर्ज किया गया है, जबकि यमुना नदी का जलस्तर नैनी में 78.54 मीटर है। बीते चार घंटों में गंगा में 8 सेमी और यमुना में 4 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई है। यह वृद्धि मानसून के दौरान सामान्य प्रक्रिया



का हिस्सा है, और प्रशासन की ओर से इसे लेकर पूरी निगरानी की जा रही है। संगम क्षेत्र में भी जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है, और इसका असर कुछ प्रमुख घाटों पर दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से गऊघाट पुल को लेकर भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। बाढ़ का पानी इस समय पुल से कुछ दूरी पर है, लेकिन यदि यही प्रवृत्ति बनी रही तो अगले 3 से 4 दिनों में पानी पुल तक पहुंच सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की तैयारी शुरू कर दी है। नगर निगम, सिंचाई विभाग और बाढ़ नियंत्रण टीमों द्वारा जलस्तर की रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। तटीय क्षेत्रों में सूचनाएं पहुंचाई जा रही हैं और सभी नागरिकों को प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करने की सलाह दी गई है। फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है ताकि किसी भी संभावित परिस्थिति से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

# शराब की दुकानों पर छापा

**अवैध बिक्री और टैक्स चोरी की शिकायत, लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, यमुनापार नैनी में आबकारी निरीक्षक की टीम ने अंग्रेजी शराब, देसी और बीयर की दुकानों की दर्जनों दुकानों पर टीम के साथ छापेमारी की। टीम के पहुंचते ही दुकानों में हड़कंप मच गया। आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने टीम के साथ नैनी के चाका, मामा भांजा, सरंगापुर सहित कई चौराहों पर अंग्रेजी शराब, देसी शराब और बीयर की दुकानों के साथ मॉडल शॉप पर छापेमारी की। इस छापेमारी से दुकानों में हड़कंप मचा रहा। टीम ने तैयार किया लेखा-जोखा टीम ने दुकान में रखी शराब की बोतलों के दाम और राज्य को चेक किया। इसके साथ दुकान में रखरखाव, रजिस्टर पर अंकित किए गए खरीद और बिक्री का लेखा जोखा भी चेक किया। दुकान के बाहर और अंदर शराब पिलाने को लेकर



निरीक्षक ने कहा कि शराब की दुकान हो या बीयर की। दुकान के अंदर और बाहर पिलाने वालो के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। कई दुकानों में इसकी शिकायतें आई है। दुकानों को चिह्नित किया जा रहा है। इसके साथ खुफिया तरीके से वीडियो भी बनवाई जा रही है। जिसके बाद शिकायत सामने आने के बाद कार्रवाई तय है। आबकारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि शराब की दुकान में बिक्री के लिए टैक्स बचाने और अधिक कमाई के चक्कर में अन्य राज्यों की शराबों को चोरी से मंगाकर बेचा जाता है। इसके साथ लिखा पढ़ी भी रजिस्टर में दर्ज नहीं की जाती है। जिसको लेकर यह निरीक्षण किया गया। दुकानदारों की कड़ी हिदायत दी गई है कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर लाइसेंस को निरस्त कर दिया जाएगा साथ ही अन्य कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से दो युवकों की मौत



- रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर बाइक को मारी टक्कर, फतेहपुर के रहने वाले थे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, मोहनगंज थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाइवे पर एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। हादसा अलईपुर के पास हुआ। तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान फतेहपुर के रहने वाले आकाश दीप रैदास (23) और सर्वेश कन्नौजिया (25) के रूप में हुई है। आकाश दीप रैदास अस्था मजरे दामापुर थाना मलवा के रहने वाले थे। वहीं सर्वेश कन्नौजिया रामसनेही के पुत्र थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी चालक को कार समेत हिरासत में ले लिया गया है। थानाध्यक्ष मोहनगंज राकेश सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मंदिर की करोड़ों की संपत्ति बेचने का मामला

**सपा नगर अध्यक्ष पर आरोप, भाजपा जिलाध्यक्ष के पत्र पर डीएम ने दिए जांच के आदेश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सुलतानपुर, उदासीन संगत आश्रम मंदिर की करोड़ों की संपत्ति बेचने का मामला सामने आया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने डीएम को पत्र लिखकर शिकायत की है। डीएम ने एसडीएम बिपिन द्विवेदी को जांच के लिए मौके पर भेजा है। कोतवाली नगर क्षेत्र के लखनऊ नाका पर स्थित उदासीन संगत आश्रम मंदिर की संपत्ति लगभग 25 करोड़ रुपये की है। इस संपत्ति में कई किरायेदार दशकों से रह रहे हैं। आरोप है कि सपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि उर्फ राजू चौधरी और उनके परिवार ने फर्जी तरीके से स्वामी बनकर इस संपत्ति को बेचना शुरू कर दिया है। इस संपत्ति का एक हिस्सा पहले ही बेचा जा चुका है। संतोष कुमार और लोकनाथ ने एक दुकान और मकान का बैनामा खालसा



लाउडस्पीकर सेंटर के मालिक सरदार जगदीप सिंह के नाम कर दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला मंत्री मंजू सागर कसौधन ने जिलाध्यक्ष को लिखित शिकायत की है। इस शिकायत पर सतवंत कौर, भगवंत कौर, दिलीप कुमार और हरजीत कौर के हस्ताक्षर हैं। सपा नेता ने इन आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनकी राजनीतिक छवि खराब करने के लिए झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस का प्रदर्शन

- नहरों में पानी और खाद की उपलब्धता के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, किसानों की समस्याओं को लेकर युवक कांग्रेस ने आज कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। नेताओं और कार्यकताओं ने जिले की नहरों में पानी छोड़ने और खाद की उपलब्धता की मांग को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसानों को



धान की रोपाई में सहूलियत देने के लिए कांग्रेसियों ने नहरों में तत्काल पानी छोड़ने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम में युवा अध्यक्ष शुभम सिंह और लोहा सिंह समेत दर्जनों कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दरअसल इस समय किसानो को धान की रोपाई करनी है और पिछले कई दिनों में हल्की बारिश हुई है जिससे किसानों की जरूरत पूरा नही हो रही है। किसान वैकल्पिक साधनो से धान की रोपाई करने में जुटे हुए है। अगर किसानों को नहर से पानी मिला जाता है तो किसानो की आधी तकलीफ कम हो सकती है। इसी को लेकर आज कांग्रेसियों ने प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

# चकबंदी में अनियमितता का आरोप

**गूंगे मऊ में 100 साल पुराने पेड़ों वाले बाग को दूसरों को आवंटित करने की शिकायत**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गूंगे मऊ गांव में चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितता का मामला सामने आया है। बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टरेट पहुंचे और एसडीएम राम केवल को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने चकबंदी अधिकारियों पर एक लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता अशोक सिंह और देवेंद्र सिंह के अनुसार, रिश्वत न देने पर अधिकारियों ने उन्हें परेशान करने की धमकी दी। राजस्व ग्राम गूंगेमऊ परगना जगदीशपुर में चल रही चकबंदी प्रक्रिया में कुछ खातों में स्थित बाग को बिना सूचना दिए फर्जी तरीके से दूसरे लोगों को आवंटित कर दिया गया। इन बागों में करीब 100 वर्ष पुराने 6 महुआ, 1 नीम और 2 चिलबिल के



पेड़ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खाता संख्या 126 की गाटा संख्या 447 व 508 तथा खाता संख्या 128 की गाटा संख्या 509 व 510 को चक बाहर किया जाना जरूरी है। प्रार्थीगणों के आकार पत्र 5 व आकार 23 में इन बागों का विवरण दर्ज नहीं किया गया है। काश्तकारों का कहना है कि अगर इन बाग के गाटों को चक बाहर नहीं किया गया तो उन्हें भारी नुकसान होगा। अभी तक इस मामले का कोई समाधान नहीं निकला है।

# जिला अस्पताल में महिला स्टाफ से तीमारदारों ने की अभद्रता

**अस्पताल के वार्ड नम्बर 7 में बेवजह तीमारदार कर रहे थे गाली गलौज, विरोध करने पर वार्ड इंचार्ज महिला से को धमकाया**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अलीगढ़, यूपी के जिला अलीगढ़ के जिला अस्पताल में रात्रि तीमारदारो को गालियां देने से मना करना वार्ड इंचार्ज महिला को भारी पड़ गया। आरोपियों ने अस्पताल स्टाफ को धमकी दे दी। अन्य मरीज व उनके तीमारदार एकत्र हो गए। वार्ड में हंगामे की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर आ गई। लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी अस्पताल से फरार हो गए। जानकारी के मुताबिक, मलखान सिंह जिला अस्पताल के वार्ड नम्बर सात में एक मरीज भर्ती हुआ था। उसके तीमारदार वहां आये हुए थे। जिनमे सभी युवक ही थे। आपस मे बात करने के साथ बेवजह गाली गलौज करना शुरू कर दिया। इस पर वार्ड में भर्ती मरीजों ने ऐसा न करने



को कहा। इसी बात पर गालियां देने वाले तीमारदार भड़क गए। उन्होंने लोगों को धमकाना शुरू कर दिया। शोर शराबा सुनकर वार्ड इंचार्ज महिला वहां आ गई। उन्होंने भी समझने का प्रयास किया। आरोप है कि उन्होंने वार्ड इंचार्ज से अभद्रता कर दी। जिसके बाद पुलिस को खबर दी। साथ ही अस्पताल के गाड्र्स को भी बताया। कुछ ही देर में थाना बन्नादेवी से लैपर्ड ( पुलिसकर्मी ) और गाड्र्स वार्ड में पहुंच गए। उन्होंने मामले की वार्ड में भर्ती मरीजों, तीमारदारों के अलावा स्टाफ से जानकारी ली। लेकिन जब तक गाली गलौज व अभद्रता करने वाले आरोपी युवक वहां से भाग चुके थे। उधर, वार्ड इंचार्ज कविता ने बताया कि एक मरीज भर्ती होने आया था। फाइल देखकर उसको इलाज देना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसके साथ आये 5 - 6 युवकों ने शोर शराबा करना शुरू कर दिया। बेवजह गाली गलौज करने लगे। आरोपी शराब के नशे में प्रतीत हो रहे थे। मामले की सूचना पुलिस को दे दी।

# मुड़िया मेला में भक्तों की भीड़

**परिक्रमा मार्ग में नहीं रही पैर रखने की जगह, गलियों में नजर आए श्रद्धालुओं के सिर ही सिर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मथुरा, गोवर्धन में चल रहे मुड़िया पूर्णिमा मेला में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा है। यहां के हर रास्ते श्रद्धालुओं से पैक हैं। भक्तों की भीड़ ऐसी कि परिक्रमा मार्ग में पैर रखने की जगह नहीं बची। 21 किलोमीटर के परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाली गलियों में तो स्थिति यह है कि यहां भक्तों के केवल सर ही सर नजर आ रहे हैं। मेला में कोई अव्यवस्था न हो इसके लिए ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही है। गोवर्धन में




भक्तों की भक्ति और आस्था हिलोरे मार रही है। अपने आराध्य गिर्राज जी को रिझाने के लिए देश विदेश से आए भक्त पूजा अर्चना कर 21 किलोमीटर की पैदल परिक्रमा लगा रहे हैं। भजनों की धुन के बीच परिक्रमा मार्ग जन सैलाब से भर गया है। गोवर्धन आने वाले हर रास्ते पर बस केवल भक्त ही भक्त नजर आ रहे हैं। वैसे तो गोवर्धन परिक्रमा का रास्ता अधिकांश चौड़ा है लेकिन कुछ हिस्सा तंग गलियों से होकर निकलता है। मानसी गंगा के आसपास दसवीसा और राधाकुंड में तंग गलियों से जब परिक्रमार्थी निकलते हैं तो यहां दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन गलियों में हालत यह है कि यहां से निकलने को परिक्रमार्थियों को जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

# एकतरफा प्यार में ट्रक चालक ने खाया जहर

**किशोरी से प्रेम में असफल युवक का जिला अस्पताल में इलाज जारी**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, देहात कोतवाली क्षेत्र के बालमपुर गांव में एक ट्रक चालक ने एकतरफा प्रेम में असफल होने पर जहर खा लिया। घटना गुरुवार दोपहर की है। शिवगढ़ थानाक्षेत्र के जद्दूपुर गांव के 24 वर्षीय सूरज कुमार वर्मा उर्फ डॉन अपने ननिहाल बालमपुर में रहते हैं। सूरज एक किशोरी से एकतरफा प्रेम करते थे। प्रेम में असफल होने पर उन्होंने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों को जब सूरज की हालत बिगड़ने की जानकारी मिली, तो वे तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए। वर्तमान में उनका इलाज जारी है और स्थिति नाजुक बनी हुई है।

# कालिकन धाम के सूर्यकुंड में मछलियों की मौत

**ऑक्सीजन की कमी से कई मछलियां मृत, श्रद्धालुओं में आक्रोश**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, कालिकन धाम स्थित सूर्यकुंड में वृहस्पतिवार की सुबह ऑक्सीजन की कमी से कई मछलियां मृत पाई गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सगरे की साफ-सफाई के अभाव के कारण हर बरसात में यह स्थिति बनती है। मंदिर के पास स्थित सूर्यकुंड में मृत मछलियां पानी की सतह पर तैरती दिखीं। स्थानीय लोगों ने कुंड से मृत मछलियों को बाहर निकाला।



यह वही कुंड है जहां श्रद्धालु मछलियों को चारा खिलाकर पुण्य कमाते हैं। स्थानीय निवासी परविंदर सिंह ने बताया कि सरोवर में गंदगी के कारण पहले भी कई बार मछलियां मर चुकी हैं। पीठाधीश्वर श्रीमहराज ने संग्रामपुर बीडीओ को इस समस्या की सूचना दी। उन्होंने चेतावनी दी कि मृत मछलियों को नहीं हटाया गया तो दुर्गंध फैलने से श्रद्धालुओं और दुकानदारों को परेशानी होगी। संग्रामपुर बीडीओ शिवपूजन भारतीय ने कहा कि मौके पर सफाई कर्मचारियों की टीम भेजी गई है। मृत मछलियों को निकालने और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पर्यटन स्थल प्रशासन की अनदेखी का शिकार है।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173
संपर्क का कार्यालय - 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001
संरक्षक - डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता - आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक - माता प्रसाद शर्मा, फिल्म - संपादक -जगन्नाथ तिवारी